# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025





## साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स के भी विकल्प

# ट्रिपलआईटी के छात्र पढ़ेंगे डिजिटल मानविकी, तीसरे सेमेस्टर से मिलेगा अतिरिक्त विकल्प

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

ट्रिपलआईटी के छात्र अब इंजीनियरिंग के विषयों के साथ ही डिजिटल मानविकी जैसे विषयों का भी अध्ययन करेंगे। फिलहाल रायपुर ट्रिपलआईटी के छात्रों को ही यह सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है। ट्रिपलआईटी प्रबंधन के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य की इंडस्ट्री की चुनौतियों का सामना कर सकें। नए पाठ्यक्रम में अनुभवात्मक शिक्षा और स्किल-बेस्ड कोर्सेज को विशेष महत्व दिया गया है। बीटेक पाठ्यक्रम में छात्रों को मेजर, माइनर और ऑनर्स के विकल्प दिए जाएंगे। तीसरे सेमेस्टर से प्रत्येक छात्र किसी एक माइनर स्ट्रीम का चयन कर अपनी मुख्य डिग्री के साथ एकअतिरिक्त विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को अधिक लचीला, बहु-विषयी और भविष्य उन्मुख बनाने का अवसर मिलेगा।

सत्र 2025 से बीटेक और एमटेक सहित पीएचडी कार्यक्रमों में भी यह



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ट्रिपलआईटी ने प्रदान की छात्रों को नई सुविधा

पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। पिछले दो महीनों से ट्रिपलआईटी की अकादमिक टीम इस दिशा में कार्यरत थी। संस्थान के बोर्ड ऑफ स्टडीज और अकादमिक सीनेट द्वारा इस नई संरचना को अनुमोदित कर दिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को उनके विषयों के इतर अन्य विषयों के अध्ययन का अवसर प्रदान करना भी शामिल है, ताकि विद्यार्थीजिस विषय की डिग्री हासिल कर रहे हैं, उसके साथ किसी अन्य क्षेत्र में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकें।

ट्रिपलआईटी के निदेशक प्रो.ओमप्रकाश व्यास ने बताया, संस्थान के शिक्षकों की टीम ने अपनी विशेषज्ञता और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विद्यार्थियों के लिए भविष्य उन्मुखी एवं रोजगार परक नई अकादमिक संरचना को इस प्रकार से अंतिम रूप दिया है जिससे तीनों ब्रांच के छात्र इसका चयन कर सकें। बीटेक के प्रत्येक छात्र को अपनी मुख्य ब्रांच में मेजर-डिग्री के साथ एक अन्य विषेशज्ञता के क्षेत्र को चुनने का विकल्प दिया जाएगा।जिस विषय का चुनाव छात्र द्वारा किया जाएगा, उस विषय में छात्रों को माइनर डिग्री प्रदान की जाएगी, जिससे छात्रों के पास तकनीक के इस बदलते हुए दौर में भी संभावनाएं बनी रहेंगी।

### इन विषयों का विकल्प

1. डिजिटल ह्यूमैनिटीज
2. साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स
3. डिजिटल मोबिलिटी–इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी
4. क्वांटम कंप्यूटिंग
5. बिजनेस इंफॉर्मेटिक्स

## खबर संक्षेप

### 'मन की बात' हर माह देती है नई प्रेरणा : साय

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी का सीधा प्रसारण नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद उद्योग एवं व्यापार परिसर के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, 'मन की बात' हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। इस दौरान मंत्री दयालदास बघेल, लखन देवांगन, टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक इंद्रकुमार साहू तथा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा, प्राकृतिक आपदाओं की घड़ी में देशवासियों द्वारा एक-दूसरे की सहायता करना भारत की असली ताकत है। विपत्ति के समय जो सहयोग और एकजुटता दिखाई देती है, वही भारत की संस्कृति और सामूहिक चेतना को परिभाषित करती है। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों को न केवल स्वास्थ्य, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी आधार बताया। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि खेलकूद में सक्रिय भागीदारी निभाकर अपने जीवन और देश दोनों को ऊर्जावान बनाएं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, 'मन की बात' हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री का 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक सोच और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल करता है। उन्होंने अपने जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े क्षेत्रों में हुए सहयोग तथा निवेश से राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ में कौशल विकास और रोजगार का नया अध्याय शुरू होगा।

### वाहन जांच में फंसा फर्जी आईबी अधिकारी, कार्रवाई से बचने दिखा रहा था धौंस

रायपुर। आमानाका पुलिस ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात एक फर्जी आईबी अधिकारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आईडी कार्ड जब्त किया है। वाहन जांच के दौरान युवक कार्रवाई से बचने अपने आपको आईबी अधिकारी बताकर आई कार्ड दिखाकर धौंस जमाने का प्रयास कर रहा था। शक होने पर पुलिस ने कार्ड की जांच की तो उसका फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने मूलतः मध्यप्रदेश भोपाल निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, चंदनीडीह के पास गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान विशाल की एक्टिवा में पुलिस का स्टीकर लगा दिखा। इस पर पुलिस ने विशाल को रोककर पूछताछ की और तेज गति से गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही थी। इस बीच विशाल ने कार्रवाई से बचने पुलिस को अपने आपको आईबी अधिकारी बताते हुए धौंस जमाने की कोशिश की। विशाल से पुलिस ने आईबी अफसर होने का प्रमाण मांगा तो उसने पुलिस को जेब से निकालकर आई कार्ड दिखाया। कार्ड में केंद्रीय गृह मंत्रालय का लोगो लगा था। शक होने पर पुलिस ने कार्ड की जांच की तो वह फर्जी पाया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बोले- 2028 में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की दिशा में अभी से काम करना है

# शिवप्रकाश की दो टूक- कितने भी बड़े पद पर हों संगठन को मजबूत करने के लिए ही काम करें

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, निगम, मंडल, आयोग, मोर्चा, प्रकोष्ठ और जिलाध्यक्षों की कार्यशाला में दो टूक कहा, आप कितने भी बड़े पद पर हों, आपको बनाने वाला संगठन ही है। इसलिए आपका सबसे पहला काम संगठन को मजबूत करना है। इसके लिए ही काम करें। नए पदाधिकारियों को पूरी लगन तथा मेहनत के साथ काम करके संगठन को और मजबूत करना है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने भी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की दिशा में अभी से काम करना है।

प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल से लेकर प्रदेश स्तर बड़े बदलाव के बाद पहली बार भाजपा की बड़ी बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी गई। इस बैठक में वैसे तो मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया था, लेकिन बाद में राष्ट्रीय नेताओं के निर्देश पर मंडल अध्यक्षों को नहीं बुलाया गया। यह तय किया गया कि जिलाध्यक्षों को कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा तो वे अपने-अपने जिलों में जाकर मंडलों में कार्यशाला कर उनको जानकारी देंगे।



### संगठन को समझें और काम करें

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कहा, आप सबको संगठन को समझना होगा। संगठन ने आपको बनाया है। आप आज जितने भी बड़े पद हैं, वह संगठन की देन है। संगठन को मजबूत करना सबकी जिम्मेदारी है। आज चाहे जो नए पदाधिकारी बने हों या फिर आप कितने भी पुराने पदाधिकारी या किसी भी पद पर हों। संगठन ही आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें अपने लक्ष्यों को तय करके आगामी तीन वर्षों के लिए एक सशक्त कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

### अगले चुनाव के लिए अभी से जुटें : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लोकप्रिय मुख्यमंत्री होने पर सभी ने बधाई दी तो उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरे अकेले के कारण संभव नहीं हुआ है। आप सबके प्रयास से हम सरकार चलाने में सफल हो रहे हैं। आज भाजपा की सरकार को जनता पसंद कर रही है तो उसके पीछे आप सबकी मेहनत है। जिस तरह से पिछले चुनाव में सभी के प्रयासों से भाजपा की सरकार बनी, एक बार फिर से सभी को प्रयास करके अगली बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करना है। हमने हजार दिनों का रोडमैप तैयार कर लिया है। आप सबको इसके लिए अभी से जुटना होगा।

### श्रेष्ठ राज्य है छत्तीसगढ़: अरुण सिंह

संगठनात्मक कार्यक्रमों और लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने में छत्तीसगढ़ अग्रणी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान में रिकॉर्ड सदस्य बनाने के लिए बधाई देते हुए प्रदेशभर से पहुंचे नए पार्टी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि भाजपा सालभर काम करने वाली पार्टी है। आप सबको संगठन को और मजबूत करने का काम करना है।

### योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रदेशभर में भाजपा की ऊर्जावान टीम है और सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ता आपस में मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, पंच परिवर्तन भारतीय समाज को अगले कुछ वर्षों में दिशा देने वाले हैं। सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता एवं नागरिक कर्तव्य इन पंच परिवर्तनों को जीवन में उतारकर कार्य करना है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अलग-अलग सत्रों में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी एवं डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने किया। आभार महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने जताया।

### विपक्ष झूठ फैलाने वाली एजेंसी : नितिन नवीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी व बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने कार्यशाला में मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी सेल की भूमिका और विमर्श निर्माण पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमको जो जिम्मेदारी मिली है, उसे नई टीम के साथ पूरी ताकत से करना है और इन मंचों से पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करना है। हमारा यह दायित्व है कि सरकार और पार्टी की दैनिक गतिविधियों को जनता तक हम नियमित रूप से पहुंचाकर सरकार और पार्टी के बारे में जनता में सकारात्मक धारणा को बढ़ाते हुए विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातों का तथ्यात्मक खंडन करें। श्री नवीन ने कहा, विपक्ष झूठ फैलाने वाली एक एजेंसी मात्र है।

## माइल स्टोन से टकराई बाइक किशोर-किशोरी की मौत



**शंकरगढ़/राजपुर।** बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर माइल स्टोन से टकरा गई। इस घटना में किशोर व किशोरी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा रविवार को शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सरगवां में 31 अगस्त की रात लगभग 1 बजे तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक के चालक माइल स्टोन से टकरा गए। बाइक सवार युवकों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद वे उछलकर 50 फीट दूर खेत में जा गिरे। खेत में भी पत्थर मौजूद था जिससे टकराकर बाइक सवार किशोर और किशोरी की मौत हो गई। बाइक सवारों के साथ मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक किशोर व किशोरी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बलरामपुर अघोरा निवासी 17 वर्षीय देवराज दास आ. गौरी शंकर दास व मूलतः झारखंड के महुआडांड चोटिया हाल मुकाम हर्रा टोली निवासी 17 वर्षीय बिंदु बघेल आ. सुखदेव बघेल के रूप में की गई है। मृतिका बिंदु अपने रिश्तेदार चमरू दास के घर रहती थी। अब तक की जांच में जो बात सामने आई है उसके अनुसार देवराज दास के साथ ही बलरामपुर क्षेत्र के तीन अन्य युवक और बिंदु बघेल के साथ ही हर्रा टोली की की एक अन्य युवती समेत कुल छह लोग घूमने के लिए शंकरगढ़ क्षेत्र के दनगरी फाल में घूमने गए हुए थे।

## मलेशिया के कई कांटेक्ट नंबर, नव्या पूछताछ में नहीं कर रही पुलिस को सहयोग

# ड्रग्स के हनी ट्रैप गैंग में कई युवतियां, पुलिस को मिले ढेरों मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

एमडीएमए मामले में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें अपने हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग्स बेचने वाली नव्या मलिक द्वारा ड्रग खपाने लड़कियों के इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह नव्या के मोबाइल में ढेरों युवतियों के मोबाइल नंबर मिले हैं। इनमें ज्यादातर दुर्ग, भिलाई, रायपुर के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियां शामिल हैं। नव्या के मोबाइल कांटेक्ट सूची में करीब आठ सौ लोगों के मोबाइल नंबर पुलिस को मिले हैं। इनमें से कई नंबर मलेशिया के बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में नव्या पुलिस को सहयोग नहीं कर रही है। नव्या को पुलिस ने पूछताछ करने पांच दिन की रिमांड पर लिया है।

राजधानी में कोरोना संक्रमण के समय से ड्रग्स का कारोबार तेजी से फैला है। राजधानी सहित प्रदेश के युवाओं को ड्रग के गर्त में धकेलने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती कर रही है। पुलिस ने ड्रग के कारोबार से जुड़े दो बड़े नेटवर्क के सरगना सहित उनके पैडलर को गिरफ्तार कर ड्रग नेटवर्क तोड़ने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपाने वालों के साथ हनी ट्रैप में फंसाकर ड्रग खपाने वाले रैकेट से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### बैंक अकाउंट की जांच

पुलिस को नव्या के रायपुर के साथ दिल्ली तथा मुंबई में बैंक अकाउंट होने की जानकारी मिली है। पुलिस उन बैंक अकाउंट्स के बारे में जानकारी जुटाकर जांच करने की बात कह रही है। नव्या तथा उससे जुड़े रैकेट के लोगों द्वारा ज्यादातर यूजर्स को कैश में ड्रग बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। ड्रग रैकेट मामले में पुलिस जल्द ही नए तथ्यों के साथ खुलासा करने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार, नव्या के मोबाइल में जो नंबर मिले हैं, उसमें उसके परिवार से जुड़े लोग, इंटीरियर डिजायनर फील्ड से जुड़े लोगों के अलावा रिश्तेदारों सहित अन्य कई लोगों के नंबर मिले हैं। पुलिस नव्या के मोबाइल से मिले संदिग्ध नंबरों को अलग कर उसकी पड़ताल कर रही है। संदिग्धों की सूची तैयार कर पुलिस उन्हें पूछताछ करने जल्द ही तलब करने की बात कह रही है। नव्या के मोबाइल में शहर के कई नामचीन लोगों के नाम होने की बात भी सूत्र बता रहे हैं।

### ड्रग्स खपाने में लड़कियों के इस्तेमाल की आशंका

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को आशंका है कि नव्या पार्टी, पब तथा क्लब में ड्रग्स खपाने लड़कियों का इस्तेमाल करती थी। पुलिस को शक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए नव्या लड़कियों के माध्यम से संबंधित तथा चिन्हांकित लोगों के पास ड्रग्स भेजने का काम करती थी। पूछताछ में नव्या द्वारा पुलिस को गोलमोल जवाब देने की बात सामने आई है।

# रेण नदी में मिला एमपी के व्यापारी का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

चपोता रेण नदी किनारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक एमपी का रहने वाला था और ब्याज में पैसे देने का काम करता था। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है और शोर्ट पीएम में भी गला दबाए जाने के लक्षण मिले है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम 4 बजे बलंगी थाना क्षेत्र के चपोता रेण नदी किनारे मवेशी चरा रहे लोगों ने पुल के समीप एक शव को पानी में देखा था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद प्रधान आरक्षक शैलेश सिंह के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा शव को पानी से निकालने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान एमपी के सिंगरौली माड़ा



थाना अंतर्गत ग्राम पंडरी खुटाटोला निवासी 45 वर्षीय शिवराज सिंह उर्फ बब्बे आ. जमुना सिंह के रूप में की। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता एमपी के साथ ही छत्तीसगढ़ के आस पास के क्षेत्रों में लोगों को ब्याज पर पैसे देने का काम करते है और शिवराज सिंह 30 अगस्त को सुबह 6 बजे ब्याज पर उधार में दिए गए रुपयों की वसूली करने के नाम पर घर से निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन ने मृतक की पहचान की।

# कक्षा में बात करने पर शिक्षिका ने की पिटाई, छात्रा के घुटने में सूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शासन प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी स्कूलों में बच्चों से मारपीट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। एक बार फिर आक्रोश में आकर एक शिक्षिका ने छात्राओं की डंडे से पिटाई कर दी। इस मारपीट में छात्रा के घुटने में सूजन आ गया। अब इस मामले में जांच उपरान्त डीईओ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षिका को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाऊ के धमधमिया पारा प्राथमिक शाला में पढने वाली 11 वर्षीया मुनिका कोरवा आ. कोइरा राम कक्षा पांचवीं की छात्रा है। छात्रा 28 अगस्त को स्कूल गई हुई थी। स्कूल



के प्रधान पाठक राम राज यादव किसी बैठक में शामिल होने के लिए गए हुए थे जबकि स्कूल में सहायक शिक्षक एलबी ज्योति तिर्की मौजूद थी। आरोप है कि कक्षा में तीन छात्राएं आपस में बात कर रही थी इसी बात को लेकर शिक्षिका ज्योति तिर्की ने छात्राओं की डंडे से पिटाई कर दी। जब प्रधान पाठक रामराज यादव बैठक से वापस लौटे तो देखा कि मुनिका रो रही है और उसके पैर में सूजन आ गई थी। ऐसे में उन्होंने घटना की सूचना परिजन के साथ ही बीईओ व अन्य अधिकारियों को दी और छात्रा को सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया।

## जिंक सल्फेट प्रति किलोग्राम के पीछे 8-10 रुपए अतिरिक्त मूल्य लिया गया

# गेंहू-चना बीज को ज्यादा रेट पर बेचा, अब होगी वसूली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

तिल्दा क्षेत्र में रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2025-26 में बीज ग्राम योजना के तहत खेती-किसानी के लिए किसानों को गेंहू, चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया गया। शासन ने दोनों बीज एवं जिंग सल्फेट प्रति किलो, प्रति बोरी की दर से दाम निर्धारित किया था। किसानों को इसी निर्धारित कीमत पर इसका वितरण होना था, लेकिन इसमें अनियमितता कर अफसरों ने किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर गेंहू-चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया। इसका खुलासा इस मामले की प्रारंभिक जांच में हुआ है। इस क्षेत्र के सभी फील्ड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने बयान में बताया है कि क्षेत्र के कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास एवं विस्तार अधिकारी ने बैठक लेकर इस संबंध में उन्हें निर्देश दिए थे, जिसका सभी ने मात्र पालन किया है। इधर प्रारंभिक जांच के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी ने आदेश जारी कर किसानों को उनकी अंतर की राशि लौटाने के लिए कहा है। अधिकारी का बयान है कि ट्रांसपोर्टिंग का पैसा जोड़कर रेट लिया गया है।

जांच कर रहे अधिकारी ने इस मामले में फील्ड में पदस्थ सभी कृषि विस्तार अधिकारियों के बयान लिए हैं। इस बयान में सभी विस्तार अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उनके द्वारा गेंहू बोरी (40 किलो) 1108 रुपए, चना बोरी (30 किलो) 1460 रुपए तथा जिंक सल्फेट (प्रति किलो) 50 रुपए की दर से वितरित किए गए हैं। जांच के दौरान क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी ने स्वीकार किया है कि रबी सीजन 2024-25 में जिंक सल्फेट प्रति किलो 50 रुपए एवं खरीफ सीजन 2025 में 42 रुपए प्रति किलो से जिंक सल्फेट वितरित किया है। उन्होंने अपने बचाव में यह भी कहा कि गाड़ी भाड़ा लगता है। यह राशि कौन देगा, इसलिए अधिक मूल्य पर वितरण के निर्देश दिए थे। विभागीय अधिकारी केएन रस्तोगी ने समस्त कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन किसानों से अधिक मूल्य लिया गया है, उसके अनुसार प्रति बोरी गेंहू 268 एवं चना 290 रुपए किसानों को वापस करें।

### विभागीय जांच जारी

इस मामले में विभागीय जांच अभी जारी है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। जांच रिपोर्ट सप्ताहभर में मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेंगे।
- **सतीश अवस्थी**, जिला कृषि अधिकारी

### जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा मामला

राजधानी रायपुर में 16 जून 2025 को हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने इस मामले में विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी थी कि उनके पास किसानों की शिकायत आई है कि रबी और खरीफ सीजन में गेंहू, चना बीज एवं जिंग सल्फेट को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उन्हें वितरण किया है। इसके बाद केएन रस्तोगी अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग रायपुर को इस मामले की जांच के लिए आदेशित किया गया था।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सोसाइटी में सीमित स्टॉक, खुले मार्केट में लूट
# 1000 रुपए बोरी बिक रही

छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में किसानों को खेती के लिए सही कीमत में यूरिया-खाद नहीं मिल रही है। यहां हालत यह है कि इन्हें 266 रुपए में मिलने वाली यूरिया की बोरी को खरीदने के लिए 1000 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। हरिभूमि ने राजनांदगांव, जगदलपुर, गरियाबंद, दुर्ग-भिलाई और धमतरी जिले में पड़ताल की। इस दौरान यह तथ्य निकलकर सामने आया कि कई इलाकों में खाद की कमी का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है।



हरिभूमि की खबर के बाद कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

# ताबड़तोड़ छापे, 23 उर्वरक दुकानों से 113 बोरी जब्त, रद्द होंगे लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि लगातार

कृषि विभाग ने जिले के 23 उर्वरक दुकानों में छापामार कार्रवाई करते हुए 113 बोरी यूरिया जब्त किया है। रविवार को उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिला अंतर्गत सभी विकासखंडों में दल बनाकर निजी पंजीकृत उर्वरक विक्रय केन्द्रों में औचक निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की गई। विकासखंड बिल्हा अंतर्गत रात्रे कृषि केंद्र बिल्हा, कान्हा एग्रो बिल्हा, गुप्ता ट्रेडर्स बिल्हा, किसान मितान बिल्हा, गिरधर कृषि केन्द्र चकरभाठा, कृषि सेवा केन्द्र चकरभाठा, एवं जय माता दी खाद भंडार चकरभाठा में जांच की गई, जिसमे रात्रे कृषि केन्द्र बिल्हा में बिना पॉश मशीन के यूरिया खाद का विक्रय करने के साथ ही उपलब्ध यूरिया खाद का स्कंध पंजी में संधारण नहीं किए जाने, स्कंध ▶▶| शेष पेज 4 पर



### सात दिनों में मांगा जवाब

सभी उर्वरक विक्रय केंद्रो को नियमानुसार व्यवसाय करने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई, साथ ही कृषि केंद्रों को स्पष्टीकरण तामिल हेतु सात दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन, जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। समय सीमा में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन, निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। बिलासपुर जिले के डबल लॉक सेंटरों में 245 मे. टन यूरिया खाद का भंडारण हुआ है। समितियों के मांग अनुसार नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा समितियों में भंडारण की कार्रवाई की जा रही है।

# यूरिया संकट...धान की पत्तियां ही नहीं किसानों का चेहरा भी पड़ रहा पीला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ भिलाई/ राजनांदगांव/ मैनपुर/ धमतरी/ कवर्धा

समय पर खाद का छिड़काव करने के लिए मजबूरन किसानों को निजी कृषि केन्द्रों से खाद की खरीदी करनी पड़ रही है। वहीं, कवर्धा में किसानों को उचित कीमत में खाद मिलने पर थोड़ी राहत मिली है। दुर्ग जिले में यूरिया खाद की खुले आम कालाबाजारी चल रही है। सहकारी समितियों में 600 रुपए की यूरिया बोरी को बाजार में 1000 रुपए में बेचा जा रहा है। दुर्ग और पाटन क्षेत्र के कृषि केंद्रों में कृषि केंद्रों हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ। कृषि केंद्रों में जब डीएपी खाद के दाम विक्रेताओं से पूछा गया तो उन्होने 2000 रुपए बोरी बताया। डीएपी सहकारी समितियों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रदर्शन के बाद मैनपुर पहुंचा था केवल दो दिनों तक खाद

गरियाबंद के विकाखंड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र के सहकारी समितियों मे किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में लगभग 17 हजार हेक्टेयर मे मक्के की खेती की जाती है और 30 हजार हेक्टेयर में धान, लेकिन किसानों को यूरिया, डीएपी खाद अभी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। साथ ही डीएपी खाद के रूप मे एनपीके खाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खाद की समस्या को लेकर मैनपुर में किसानों ने झमाझम बारिश के बीच रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था। चक्काजाम करने की चेतावनी दी ▶▶| शेष पेज 4 पर

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹76139/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹92990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹101508/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

## खबर संक्षेप

### 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन आज



**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य नेता सोमवार को यहां पैदल मार्च निकालेंगे। इसके साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन होगा। यह मार्च गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से पटना उच्च न्यायालय के निकट बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तक निकाला जाएगा। इसमें राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, महागठबंधन के अन्य नेता और समर्थक शामिल होंगे।

### रैगिंग के आरोप में छह छात्रों के खिलाफ केस

**रांची।** झारखंड के रामगढ़ जिले में प्रथम वर्ष के एक इंजीनियरिंग छात्र की कथित तौर पर 'रैगिंग' लेने और उसकी पिटाई करने के आरोप में छह वरिष्ठ छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना रजरप्पा थाना क्षेत्र के मुरुबंदा गांव स्थित रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय रैगिंग रोधी प्रकोष्ठ में रैगिंग की शिकायत दर्ज कराने पर शनिवार को बीटेक के प्रथम वर्ष के एक छात्र की दूसरे वर्ष के छात्रों ने कथित तौर पर पिटाई कर दी।

### यूपी में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान आज से



**लखनऊ।** दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में पहली सितंबर से 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। आगामी 30 सितंबर तक चलने वाले अभियान में परिवहन, पुलिस, राजस्व अथवा जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे।

### पुंछ में दो आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। छापेमारी के दौरान आजमाबाद निवासी तारिक शेख और चंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया तथा उनसे की गई पूछताछ के आधार पर दो राइफल एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने आजमाबाद में शेख के घर पर छापा मारा और उसे उसके साथी अहमद के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर मंथन

# ट्रंप को दिखाई ताकत, जिनपिंग ने कहा हाथी और ड्रैगन का साथ आना जरूरी




*चीन के तिआनजिन शहर में चल रहे एससीओ समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक घंटे लंबी द्विपक्षीय वार्ता की। इस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के बीच मीटिंग में शी जिनपिंग ने कहा, दोस्त बनना, अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) का एक साथ आना बहुत जरूरी है।*

### शी को दिया भारत आने का न्योता

पीएम मोदी ने चीन द्वारा शंघाई सहयोग संगठन की सफलतापूर्वक अध्यक्षता किए जाने के लिए शी को बधाई भी दी। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति को 2026 में भारत में प्रस्तावित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित भी किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने निमंत्रण के लिए मोदी को धन्यवाद दिया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की।

### भारत, चीन को अपने संबंधों को दीर्घकालिक नजरिए से देखें: शी

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और चीन को अपने संबंधों को 'रणनीतिक' और 'दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य' से देखना चाहिए। शी ने कहा, दोनों पक्षों को अपने संबंधों को रणनीतिक ऊंचाइयों और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना एवं संभालना होगा ताकि हमारे द्विपक्षीय संबंधों का निरंतर, मजबूत और स्थिर विकास हो सके।

एजेंसी ▶▶| तियानजिन

वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को विस्तार देने का संकल्प भी लिया। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक बातचीत में मुख्य रूप से व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन संबंधों के लगातार विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और सौहार्द के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर बीजिंग के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने तथा व्यापार घाटे में कमी लाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों पर साझा आधार का विस्तार करने की सहमति व्यक्त की। मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य में कहा, "हमारा सहयोग दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हितों से जुड़ा है।

### एक मंच पर मोदी-पुतिन और जिनपिंग



### इन मुद्दों पर बनी सहमति

- **रिश्तों में प्रगति पर जोर...** मोदी और शी जिनपिंग ने माना कि दोनों देशों के बीच पिछले एक साल में रिश्तों में स्थिर प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए और साझेदारी को प्राथमिकता देनी चाहिए।
- **सीधी उड़ानें बहाल करने का एलान...** मोदी ने घोषणा की कि भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर शुरू होंगी। कोविड-19 महामारी के दौरान यह सेवाएं बंद हो गई थीं, जिससे यात्रियों को हांगकांग या सिंगापुर होकर जाना पड़ता था।
- **कैलाश मानसरोवर यात्रा और वीजा...** मोदी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा और पर्यटक वीजा को फिर से शुरू करना दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास का प्रतीक है। चीन ने इस यात्रा को पहले ही बहाल किया था और भारत ने हाल ही में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा जारी करना शुरू किया।
- **रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर...** मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत-चीन रिश्तों को तीसरे देश के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों देशों ने वैश्विक आतंकवाद और निष्पक्ष व्यापार जैसे मुद्दों पर साझा सहयोग बढ़ाने की बात कही।

### चीन में डिप्लोमेसी का नया चैप्टर

चीन के तियानजिन में ग्लोबल डिप्लोमेसी का एक नया चैप्टर देखने को मिला। एससीओ समिट के मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मेजबान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ दिखे। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद इस समिट को बड़ा माना जा रहा है क्योंकि इसमें ट्रंप को छोड़ बाकी सभी महाशक्तियां एक ही मंच पर मौजूद थीं। ग्रुप फोटो सेशन के दौरान एससीओ के सभी सदस्य एक मंच पर एक साथ मौजूद थे। एससीओ समिट के मंच पर जब पीएम मोदी पहुंचे तो चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनकी पत्नी पेंग लियाउन भी साथ थीं। फोटो सेशन के बाद पीएम मोदी ने जिनपिंग और उनकी पत्नी से हाथ मिलाया।

### मुलाकात बन सकता है माइलस्टोन

ग्लोबल ऑर्डर में ये मुलाकात माइलस्टोन बन सकता है। मगर विरोधाभास है, जो तीन देशों (भारत-रूस और चीन) के बीच में हमेशा रहा है। इस मुलाकात के बाद ट्रंप की टैरिफ आंधी उड़ पाती है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। अगर ये होता है तो भारत की जय जय होगी।

इंदौर जा रहा था विमान

## इंजन में 'आग का संकेत' दिल्ली लौटी एअर इंडिया की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



इंदौर जा रहा एअर इंडिया का एक विमान रविवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद पायलट को विमान के दाहिने इंजन में 'आग का संकेत' मिलने के बाद दिल्ली लौट आया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में आपात स्थिति में उतरने से पहले विमान 30 मिनट से अधिक समय तक आसमान में चक्कर लगाता रहा।

### 30 मिनट तक आसमान में चक्कर

विमानों की उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ए320 नियो विमान से संचालित यह उड़ान दिल्ली में वापस उतरने से पहले 30 मिनट से अधिक समय तक आसमान में चक्कर लगाती रही। एअर इंडिया ने बताया कि इस घटना की सूचना नागर विमानन महानिदेशालय को दे दी गई है।

## सीबीआई की जांच से संबंधित भ्रष्टाचार के 7,000 से अधिक मामले कोर्ट में पेंडिंग

**नई दिल्ली।** सीबीआई की जांच से संबंधित भ्रष्टाचार के 7,072 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। यह जानकारी केंद्रीय सतर्कता आयोग की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई। सीवीसी ने बताया कि इनमें से 379 मामले 20 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। 31 दिसंबर, 2024 तक कुल मामलों में से 1,506 मामले तीन साल से कम समय से, 791 मामले तीन साल से अधिक और 2,115 मामले पांच साल से अधिक और 10 साल से कम समय से लंबित थे।

### पिछले साल 644 मामलों में फैसला

सीवीसी ने बताया कि साल 2024 के दौरान 644 मामलों में फैसला सुनाया गया। इनमें से 392 मामलों में दोषसिद्धि हुई, 154 मामलों में दोषमुक्ति हुई, 21 मामलों में आरोपी बरी हुए और 77 मामलों का अन्य कारणों से निपटारा किया गया।

## ईडी का एक्शन, छापेमारी में मिली मर्सिडीज पोर्श, मिनी कूपर, बीएमडब्ल्य और ऑडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने से जुड़े धन शोधन मामले में ओडिशा के एक व्यवसायी और उसकी कंपनियों के खिलाफ छापेमारी के बाद एक पोर्श, एक मर्सिडीज, एक मिनी कूपर और एक बीएमडब्ल्यू समेत 10 से अधिक लग्जरी वाहन जब्त किए हैं। अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड व अनमोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रबंध निदेशक शक्ति रंजन दाश के भुवनेश्वर में स्थित परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की गई। हिमाचल प्रदेश में स्थित इंडियन टेक्नोमैक कंपनी लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ दर्ज कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में यह कार्रवाई की गई।

### क्या है आरोप

आरोप है कि अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड व अनमोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शक्ति रंजन दाश ने ओडिशा में खनन गतिविधियों के लिए इस पैसे का उपयोग करने में "जानबूझकर" आईटीसीओएल के प्रवर्तक राकेश कुमार शर्मा की सहायता की। ईडी के बयान में कहा गया है कि तलाशी के दौरान दाश और उसके स्वामित्व वाली कंपनियों से संबंधित 10 लग्जरी वाहन और तीन सुपर बाइक जब्त की गईं।

### सात करोड़ के वाहन

जब्त वाहनों में एक पोर्श कायेन, एक मर्सिडीज-बेंज जीएलसी, एक बीएमडब्ल्यू एक्स7, एक ऑडी ए3, एक मिनी कूपर और एक होंडा गोल्ड विंग बाइक शामिल हैं, जिनकी कीमत सात करोड़ रुपए से अधिक है। बयान में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान 13 लाख रुपए नकद और 1.12 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए गए हैं, जबकि दाश के दो लॉकर से लेनदेन पर रोक लगा दी गई है।

## केंद्रीय संस्कृत विवि के साथ मिलकर प्रारंभ किया गया पाठ्यक्रम

फ्रेंच, जर्मन, इंग्लिश जैसी विदेशी भाषाओं में पहले ही संचालित है डिप्लोमा पाठ्यक्रम

# विद्यार्थियों को संस्कृत में बात करना सिखाएगा रविवि, अंग्रेजी नहीं अब देववाणी में अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर



पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब अपने विद्यार्थियों को इंग्लिश में बात करना सिखाएगा। इसके लिए केंद्रीय संस्कृत विवि की सहायता ली जा रही है। छात्रों को संस्कृत में वार्तालाप सिखाने विशेष रूप से एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। विवि में स्थापित भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र के अंतर्गत इस पाठ्यक्रम का संचालन होगा। कला एवं भाषा विभाग के अंतर्गत जर्मन, फ्रेंच सहित इंग्लिश भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम रविवि पहले से ही संचालित कर रहा है। अब देववाणी में भी छात्रों को वार्तालाप करना सिखाया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से इसकी शुरुआत की गई है। फिलहाल 2-3 सीटों पर ही प्रवेश हो सका है। खाली रह गई सीटों पर 5 सितंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। ना केवल संस्कृत के इस विशेष पाठ्यक्रम बल्कि विवि अध्ययनशाला और महाविद्यालयों में संचालित प्रत्येक पाठ्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 5 सितंबर तक दाखिले दिए जा सकेंगे। रविवि प्रबंधन का ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दिया जाएगा व्यवहारिक ज्ञान

अब तक हिंदी, इंग्लिश जैसी भाषाओं सहित संस्कृत में भी स्नातकोत्तर की उपाधि रविवि द्वारा दी जाती रही है। इसमें संस्कृत व्याकरण सहित कई अन्य चीजें शामिल रहती हैं। लेकिन संस्कृत डिप्लोमा में छात्रों को केवल व्यवहारिक ज्ञान ही प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह बताया जाएगा कि संस्कृत के शब्दों का इस्तेमाल करते हुए किस तरह से संवाद किया जाना है। रोजमर्रा के जीवन में इसके प्रयोग पर जोर दिया जाएगा। केंद्रीय संस्कृत विवि के सहयोग से संचालित किए जा रहे इस पाठ्यक्रम की राज्य प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि देशभर के कई ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ऑनलाइन होगी परीक्षा

संस्कृत पाठ्यक्रम की फीस 1200 रुपए निर्धारित की गई है। पंद्रह वर्ष से अधिक आयु का कोई भी संस्कृत का जिज्ञासु संस्कृतभाषा-प्रमाणपत्रीय-पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है। संस्कृतभाषा-प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके बाद ही प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। ये क्रेडिट आधारित अंशकालिक पाठ्यक्रम हैं। पाठ्यक्रम का नाम संस्कृतभाषा प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम रखा गया है। अध्येता समर्थ पोर्टल के माध्यम से आपना विवरण भर कर नामांकन कर सकते हैं। अध्येताओं की सुविधानुसार संस्था के द्वारा कक्षा की समय सारिणी ▶▶| शेष पेज 4 पर

यूपी में बड़ा हादसा

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से मालिक समेत चार की मौत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में रविवार को एक घर में संचालित की जा रही पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया, विस्फोट उस घर में हुआ जहां पटाखा फैक्टरी संचालित की जा रही थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दो की पहचान फैक्ट्री मालिक आलम (50) और उसकी पत्नी मुन्नी (48) के रूप में हुई है।

### दूर तक दिखा धुएं का गुबार

धमाके में फैक्ट्री की दीवारें टूटीं। इसके चलते शव दूर जाकर गिरे। धमाका होते ही 2 किमी दूर से लोगों ने रिकॉर्डिंग शुरू की। यहां से धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। मलबे में एक पैर दिख रहा था। लोगों ने ईंटें हटाना शुरू कीं तो अचेत अवस्था में व्यक्ति मिला। उसके कपड़े जल चुके थे।

चिंतन

# चीन से दोस्ती तो ठीक सतर्क रहना भी जरूरी

चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। ये विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। दोनों साथ आते हैं तो दोनों देशों का ही नहीं बल्कि 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा। आज चीन के शहर बीजिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का सार यही है। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। गलवान झड़प के बाद मोदी पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेताओं में रूस में मुलाकात हो चुकी है। वैसे भी गलवान के तनाव और अब के हालात में बहुत अंतर है। इस अंतर का कारण हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले चीन को निशाने पर लिया था। उस पर एक के बाद एक टैरिफ थोपे गए। हालांकि बाद में वो चीन को लेकर नरम पड़ गए और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वो अपनी सनक के चलते कब क्या फैसला लेंगे, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि मिलकर उनसे मुकाबला किया जाए। यह पहला मौका नहीं है जब भारत और चीन साथ आए हो। कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगता था, लेकिन 1962 के युद्ध ने रिश्तों में कड़वाहट घोल दी थी। भारत और चीन के रिश्तों की शुरुआत 1938 में हुई थी। उस समय चीन जापान के हमलों से परेशान था। भारत ने इंसानियत दिखाते हुए चीन की मदद के लिए एक मेडिकल टीम भेजी। इस टीम में पांच भारतीय डॉक्टर थे, जिनमें से एक थे डॉ. द्वारकानाथ कोटनीस। डॉ. कोटनीस ने चीन के लोगों की सेवा करने का फैसला किया और वहीं रुक गए। भारत और चीन ने आजादी के बाद अपने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास किया। दोनों देशों ने एक समझौता किया। यह समझौता 29 अप्रैल, 1954 को हुआ था लेकिन यह समझौता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। 1959 में जब भारत ने चीन से भागे दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने इसे अपने अंदरूनी मामलों में दखल देना माना। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने लगा। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रीमियर झोउ एनलाई ने कई बार मिलकर इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने भारतीय सीमा पर हमला कर दिया। इस युद्ध ने भारत के भरोसे को बुरी तरह से तोड़ दिया। साल 2020 में लद्दाख के अक्साई चिन में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत ने चीन के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया था। फ्लाइट सर्विस भी रोक दी गई थी। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना मुश्किल हो गया था। भारत के लिए परेशानी का एक कारण चीन द्वारा बार-बार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होना भी है। वो पाक का समर्थन करके आतंकवाद के समर्थन में खड़ा हो जाता है। अब प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद जिनपिंग का यह कहना कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है और चीन-भारत की दोस्ती समय की मांग भी है, लेकिन चीन की विस्तारवादी सोच के चलते भारत को हमेशा सतर्क भी रहना होगा।



टैरिफ संकट
विकेश कुमार बडोला

# जल्द निकालना होगा टैरिफ का तोड़

> भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है।

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गये हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी। उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है।

इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किये बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुयें भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवर्द्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नये विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक



वक्तव्य भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाये रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्ट अप से जोड़कर परिणोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पर्द्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पर्द्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा।

अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीदार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायन मिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं। इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है।

इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधार स्तंभ बनाया जा सकता है। इन दीर्घकालिक उपायों को अपनाकर भारत भविष्य में अमेरिका हो अथवा कोई अन्य देश, उसके किसी भी टैरिफ युद्ध का प्रतिरोध करने में पूर्णरूपेण सक्षम हो सकेगा

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

व्यक्तित्व
कमल कटकी



# उत्कृष्ट भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ थे 'भूपेन दा'


मुझे लगता है कि समग्र विश्व में ऐसा कोई कलाकार नहीं होगा- जिसके पास गायक, गीतकार, संगीतकार, कहानी लेखक, निबंधकार, नाटककार, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, फिल्म निर्माता, संगीत निर्देशक, अभिनेता, पत्रकार, साहित्यकार, पत्रिका संपादक, पुस्तक पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, बुद्धिजीवी आदि सभी गुण एक साथ हों। ऐसा ही एक व्यक्ति हैं डॉ. भूपेन हाजरिका। 1984 से भूपेन दा के एक गिटार वादक के रूप में 5 नवंबर 2011 को महाप्रयाण के दिन तक, अपने पच्चीस वर्षों से अधिक समय की निकटता के दौरान हर एक क्षण में, मैंने बहु-प्रतिभाशाली, बहुआयामी कर्मयोगी, भूपेन दा को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 8 सितंबर, 1926 को उस समय के नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर के अधीन तथा आज के अरुणाचल प्रदेश की तलहटी में स्थित एक छोटे से शहर सदिया से अपनी जीवन यात्रा की शुरुआत करने वाले भूपेन दा अपनी जीवन परिक्रमा को कठोर संघर्ष, सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच आगे ले जाते हुए खुद को एक वैश्विक कलाकार के रूप में स्थापित करना इतना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी गुणवत्तापूर्ण



गीत-संगीत की रचनाओं के माध्यम से आम लोगों का दिल जीतने में सक्षम हुए थे। भूपेन दा की चिरस्थायी वैश्विक लोकप्रियता केवल उनके गीतों के कारण ही है, ऐसी बात नहीं है। मेरी दृष्टि में, भूपेन दा एक बरगद के पेड़ की तरह विशाल हृदय के व्यक्तित्व के धनी थे और इस पेड़ की जड़ें खारखोआ (मूल) असमिया थे, पूरे पेड़ समग्र भारत था और पेड़ की शाखाएं, उप-शाखाएं, पत्ते आदि विश्व-उन्मुख थे। बिहू, ब्रह्मपुत्र और भूपेन- अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों से समृद्ध इन शब्दों ने आज भी असम का परिचय विश्व के सामने उजागर करती है। भूपेन दा के सहयोगी के रूप में काम करने के कारण, असम के अलावा दुनिया भर के कई जाने-माने कलाकारों और हस्तियों से मिलने का अवसर मुझे मिला। लेकिन भूपेनदा जैसे महान व्यक्तित्व की सुगंध मुझे उनमें नहीं मिली। हमारे जैसे आम लोगों के लिए भूपेन दादा को समझ पाना मुश्किल है। उनमें विभिन्न रूपों का एक अद्भुत संयोजन था। क्रोध उनके जीवन का हमसफर जैसा था, ठीक उसी तरह जैसा उनके साथ हमेशा अपनी प्यारी मुस्कान रहती, जैसे धान के खेत की पराली तुरंत जलते ही थम जाती है, गुस्सा भी उसी तरह तुरंत गायब हो जाता है। पैसे के प्रति उनमें तनिक भी मोह नहीं था। उन्होंने मुझे कभी यह नहीं पूछा कि "फलाँ कार्यक्रम में गाने के लिए तुम्हें कितना मानदेय मिला?" या "मैं गाकर कितना कमा पाया?" यहां तक कि कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का हिसाब-किताब जानने की कोशिश भी उन्होंने कभी नहीं की। पैसों के प्रति उनकी उदासीनता इतनी थी कि एक बार गुवाहाटी में आयोजित लता मंगेशकर के संगीत-प्रदर्शन का भारी-भरकम मानदेय लेकर भूपेन दा ने वह पैसों का थैला मुम्बई की टैक्सी में ही भूलकर छोड़ दिया था। धन के जोड़-घटाव से भूपेन दा का कोई लेना-देना नहीं था, वे जानते थे तो केवल शब्द और सुर का जोड़-घटाव, जनता से संवाद का जोड़-घटाव। आम लोगों के बीच रहकर असाधारण जीवन जीकर उन्हें बहुत संतोष मिलता था। साधारण जन के बीच रहकर खुश रहने वाले इस असाधारण भूपेन हजारिका ने समय से आगे चलकर अपनी जीवन-यात्रा को गहन आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया और असम सहित सम्पूर्ण भारत में स्वयं को एक चिरस्मरणीय संगीतकार के रूप में स्थापित कर गए। राजपथ के किनारे आराम कर रहे रिक्शा चालक से वे कभी एक चुटकी खैनी लेकर अचानक ही गाने लगते थे -"मानुहे मानुहर बाबे, जदीहे अकनो ना भाबे"। उस क्षण कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये वही भूपेन हाजरिका हैं जिन्होंने पचास के दशक में कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब भूपेन दा को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई, तब डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था -'डॉ. हज़ारिका, मैं हमेशा आपके जैसा बनना चाहता हूँ। लेकिन मैं आपके जैसा कैसे बन सकता हूँ?' तेजपुर विश्वविद्यालय ने इन दोनों महापुरुषों को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की थी। भूपेन दा के महाप्रयाण के कुछ दिन पहले स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भूपेन दा को दीपावली की शुभकामनाएं भेजते हुए जीवन-संघर्ष में विजय पाने का उत्साह दिया और कहा था- 'सभी उत्कृष्ट भारतीयों में आप सर्वश्रेष्ठ हैं।' मेरी नजर में भूपेन दा एक ऐसे ही व्यक्तित्व थे।

*( लेखक प्रसिद्ध संगीतज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## ऐसे काम न करें, जिनसे गलत संदेश जाता है



संकलित
प्रेरणा

गुरुजी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## सोरहिया मेला

वाराणसी में 16 दिनों तक चलने वाले सोरहिया मेले के दौरान लोग अनुष्ठान करते हुए।



## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*– विकास लाहोटी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफार्म



यूपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं में जो होनहार प्रतिभागी आखिरी मेरिट लिस्ट का हिस्सा नहीं बन पाते, उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि इसकी मदद से उन्हें नए अवसर मिलने लगे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निर्यात में गिरावट की आशंका



अमेरिकी टैरिफ से निर्यात में गिरावट की आशंका के कारण राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट निर्यातक भी परेशान हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं कारीगरों एवं श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ेगा। केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### चीन पर निर्भरता



चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### संवैधानिक ज़िम्मेदारी



गुजरात में भी बड़े पैमाने पर वोटों में धांधली का पर्दाफाश हुआ है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों पर प्रतिक्रिया देने व उनकी जाँच करने की अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी निभाएगा या फिर यूँ ही चुपचाप बैठा रहेगा?

**-जयराम रमेश, सांसद, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

### मैक्रों के फैसले से इजराइल और अमेरिका हुए नाराज



फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, "फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में अब तक 63,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और माल्टा ने कहा है कि वे 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के दौरान फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के अपने संकल्प को औपचारिक रूप देंगे।

## ऑफ बीट

### एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है




जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है – वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है? एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है? शक्तिशाली, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले एआई एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए हमें बहुत सारे डेटा की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5.8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था। यदि किसी एल्गोरिदम को अपर्याप्त मात्रा में डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो यह गलत या निम्न गुणवत्ता वाले आउटपुट उत्पन्न करेगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**बिलासपुर**

**सोमवार, 1 सितंबर 2025**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमीं
वर्ष : 25, अंक : 159
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

**मौसम**
अधि. 31.8
न्यून. 26.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# भारतमाला मुआवजा घोटाले में अब केंद्र की एंट्री, राज्य से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित भारतमाला मुआवजा घोटाला मामले में अब केंद्र सरकार की भी एंट्री हो गई है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्य सरकार से घोटाले की पूरी रिपोर्ट मांगी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार यह आदेश आने के बाद राज्य सरकार ने कलेक्टरों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को अंतरिम रिपोर्ट बनाकर भेज दिया है। राज्य में संभागयुक्तों द्वारा भी जांच कराई जा रही है। यह रिपोर्ट आने के बाद मामले की पूरी रिपोर्ट से केंद्र को अवगत कराया जाएगा।

- कलेक्टरों की जांच अंतरिम रिपोर्ट के रूप में भेजी गई
- कमिश्नरों की रिपोर्ट आने के बाद जाएगी अंतिम रिपोर्ट


भारतमाला में करोड़ों की हेराफेरी, दुर्ग, रायपुर समेत कई शहरों के 20 ठिकानों पर छापे

## जहां बनी सड़क वहीं घोटाला

राष्ट्रीय राजमार्ग भारतमाला परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों रायपुर, धमतरी, कांकेर, कोण्डागांव, कोरबा, रायगढ़, जशपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा से होकर गुजर रही है। वर्तमान में विभाग में परियोजना हेतु भू-अर्जन की कार्यवाही में हुई ऑनमितता की शिकायतों पर की गई जांच में भूमि अधिग्रहण करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध ▶▶|शेष पेज 4 पर

## घोटालों की भारतमाला

राज्य में केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तक 463 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ में 124 किलोमीटर सड़क तीन कंपनियों द्वारा बनाई जा रही है। यह सड़क नया रायपुर से भी होकर गुजरेगी। इसलिए यहां सड़क के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण के बाद करोड़ों रुपए का मुआवजा घोटाला सामने आया।

## इन बिंदुओं पर जांच के आदेश

राज्य सरकार ने कई बिंदुओं के आधार पर मामले की जांच का आदेश दिया है। इनमें यह शामिल है, मूल खसरे को केवल अधिक मुआवजा प्राप्त करने के प्रयोजनों से छोटे-छोटे भूखण्डों में विभाजित कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाना, भू-अर्जन हेतु आशय पत्र प्राप्ति दिनांक के उपरांत मूल भूमि का हस्तांतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन, नवीन निर्माण इत्यादि मुआवजा के लिए शामिल करना, अधिक मुआवजा प्राप्त करने पूर्व दिनांक से फर्जी नामांतरण, बंटवारा प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किया जाना, मुआवजा पत्रक तैयार करते समय भूमि पर स्थित संपत्तियों का सही विवरण प्रस्तुत नहीं किया जाना, अन्य किसी भी बिंदु, जिन पर जांच आवश्यक समझी जाए।



## संभागों में कमिश्नर करा रहे जांच

इस मामले की प्रारंभिक जांच संबंधित जिलों के कलेक्टरों से कराई गई थी, बाद में सरकार ने राज्यभर के कमिश्नरों को जांच के आदेश दिए। इस संबंध में रायपुर कमिश्नर ने जांच के लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों की अलग-अलग टीमें बनाईं हैं। करीब दो महीने से चल रही जांच प्रक्रिया में दो टीमों की रिपोर्ट कमिश्नर को मिल चुकी है।

# भूस्खलन से बिजलीघर में फंसे 11 कर्मचारी

# आईएमडी ने कहा- सितंबर में भी भारी वर्षा

*देश के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में रविवार को मूसलाधार बारिश के कारण एक बड़ा हादसा हुआ। 280 मेगावाट की धौलीगंगा बिजली परियोजना की सामान्य एवं इमरजेंसी सुरंगों के मुहाने पर हुए भारी भूस्खलन से एनएचपीसी के 19 कर्मचारी फंस गए। आनन-फानन में राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। अब 19 में से 8 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इधर, आईएमडी ने सितंबर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।*


## उत्तराखंड में बारिश का कहर, कई राज्यों में तबाही


जम्मू में भू-स्खलन से आधी सड़क टूट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पिथौरागढ़

मानसून का असर अभी भी बरकरार है। मानसून का यह सीजन काफी अच्छा रहा है, जिससे देशभर के कई राज्यों में अच्छी बारिश हुई है, जिससे कई नदी, तालाब और बांध भर गए हैं। हालांकि कुछ राज्यों में बारिश ने खूब तबाही मचाई। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि भूस्खलन से परियोजना की दोनों सुरंगों-सामान्य और आपातकालीन को जाने वाला रास्ता बंद हो गया। इससे उसके अंदर काम कर रहे 19 अधिकारी और कर्मचारी फंस गए थे। घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल मलबा हटाने की ▶▶|शेष पेज 4 पर

## धौलीगंगा परियोजना की दोनों सुरंगों को जाने वाले रास्ते में भूस्खलन



### बाढ़ से बह गया पुल

उत्तराखंड के चमोली जिले में ज्योतिर्मठ-मलारी राजमार्ग पर भारी बारिश के कारण तमक बरसाती नाले में आई बाढ़ से वहां बना एक पुल बह गया। इससे एक दर्जन गांवों का संपर्क टूट गया।

### राजस्थान में अलर्ट

राजस्थान में इस बार मानसून जमकर बरस रहा है। मौसम विभाग के अलर्ट अनुसार 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7 सितंबर के दौरान राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट, सितंबर में होगी भारी वर्षा

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने चेतावनी दी कि भारी वर्षा से सितंबर में उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ सकती है। दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली और उत्तरी राजस्थान में सामान्य जनजीवन बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा, 'उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं। इसलिए, भारी बारिश का मतलब है कि कई नदियां उफान पर होंगी और इसका असर निचले इलाकों के शहरों ▶▶|शेष पेज 4 पर

## बस्तर का हाल-बेहाल




## भारी बारिश व बाढ़ से 76 सड़क, 5 पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त, एक पुल बहा, 26 करोड़ का नुकसान

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं दूसरी ओर बारिश एवं बाढ़ से संभाग के 4 जिले में लगभग 76 सड़क, 5 पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हुए और एक पुल बह गया, जिससे लगभग 26 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। बस्तर जिले में 29 सड़क, 4 पुलिया नेतानार-कोलेंग, कस्तूरपाल, ढोढरेपाल-डिलमिली, मुतनपाल, दंतेवाड़ा के 22 सड़क, पुल पुलिया जर्जर, गीदम-बारसूर के पुल बह गए। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 4 जिलों में मार्ग, पुल-पुलिया पर बारिश ने बरसाया कहर



### सड़कों की तत्काल करें मरम्मत

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने इस संबंध में बताया कि क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र के जर्जर, कटे सड़कों को तत्काल मरम्मत करें। ऐसे सड़कों, पुल पुलियों का स्टीमेंट बनाकर भेजे, जिससे निविदा कर कार्य किया जा सके।

### साडरा जाने 20 किलोमीटर पैदल जाना पड़ रहा

स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि बस्तर जिले के किलेपाल से पखनार जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हुई। कर्मचारियों को एक से दो किमी जाने के लिए तय करना पड़ रहा है, पुल टूटा तो कुछ सड़क उखड़ गई है। साथ ही साडरा जाने के लिए को कोई दूसरा रास्ता नहीं है, वहां जाने के लिए 15-20 किलोमीटर पैदल जाना पड़ रहा है।




PERSONALIZED ACADEMIC SUPPORT | UGC-APPROVED ONLINE DEGREES | FLEXIBLE LEARNING FOR STUDENTS & WORKING PROFESSIONALS | ACCESS TO 24/7 DIGITAL RESOURCES | BUSINESS TOOLS, SIMULATIONS & WORKSHOPS | GLOBALLY RECOGNIZED CURRICULUM | EXPERT FACULTY & LIVE SESSIONS

SMART BBA & MBA Online Degree Programs

www.jiitonline.com — CONTACT ADMISSION CELL 079 6923 9634

**ग्रुप फोटो सेशन में पाक व तुर्किए को दिखाई औकात**

# एससीओ में भारत की कूटनीति, मोदी ने शहबाज-एर्दोगन की ओर देखा भी नहीं

*एससीओ में भारत ने जो कूटनीति दिखाई है, उसकी खूब चर्चा हो रही है। चीन के तियानजिन में एससीओ के सभी सदस्य एक मंच पर एक साथ मौजूद थे। इसके बाद ग्रुप फोटो सेशन हुआ। फोटो सेशन के बाद पीएम मोदी ने पाकिस्तान और तुर्किए को छोड़ सभी देशों के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पाक पीएम शहबाज शरीफ और तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से दूरी बनाए रखी, यहां तक कि उन्होंने उनकी ओर देखा भी नहीं।*

एजेंसी ▶▶| तियानजिन

**इन दोनों को छोड़ सबसे गर्मजोशी से मिले मोदी :** फोटो सेशन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान, इजिप्ट पीएम मुस्तफा मदबौली, बेलारूस के राष्ट्रपति समेत कई नेताओं से गर्मजोशी से मुलाकात की। वहीं उन्होंने शहबाज और एर्दोगन को नजरअंदाज किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते और ज्यादा बिगड़ गए हैं। वहीं तुर्किए ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ था।

### भारत-चीन-रूस को एक साथ देख बढ़ी ट्रंप की टेंशन

दरअसल, चीन के तियानजिन में ग्लोबल डिप्लोमेसी का एक नया चैप्टर देखने को मिला। पीएम मोदी, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग एक साथ एक मंच पर दिखे। इस मुलाकात से ट्रंप की टेंशन बढ़ गई है। फोटो सेशन के दौरान मंच पर तुर्किए और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष भी मौजूद थे मगर पीएम मोदी ने उन्हें तवज्जोह नहीं दी।


बेलारुस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात


नेपाल के पीएम ओली से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी।

### ‘भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों’ के खिलाफ ब्रिक्स देश एकजुट : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस एवं चीन ने ब्रिक्स सदस्य देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले ‘‘भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों’’ के खिलाफ एक एक साथ हैं। पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ‘शिन्हुआ’ से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं।

### भारत सहित ये देश हैं ब्रिक्स के सदस्य

ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं।

### पुतिन चीन की जीत की वर्षगांठ में शामिल होंगे

शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ वार्ता करने के अलावा, पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले परेड में भी शामिल होंगे।

### पाक के कारण तुर्किए ने बिगाड़े अपने रिश्ते

भारत-पाकिस्तान के बीच कैसा संबंध है ये तो जगजाहिर है लेकिन तुर्किए के साथ जो कभी भारत के अच्छे संबंध थे, वो इस समय खराब चल रहे हैं। इसके पीछे की वजह है पाकिस्तान। पहलगाम आतंकी हमले के बाद तुर्किए ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया था और भारत के खिलाफ पाकिस्तान को हथियार भी मुहैया कराया था। इसके बाद तनाव इतना बढ़ गया कि भारत में तुर्किए बॉयकॉट की मुहिम शुरू हो गई।


म्यांमार के सीनियर जनरल से हाथ मिलाते पीएम मोदी।

### कजाकिस्तान सहित इन देशों के राष्ट्रपति से मिले मोदी

मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति तोकायेव के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा- हमारे देश ऊर्जा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और फार्मा सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। समिट के दौरान मोदी ने मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। उन्होंने कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद करते हुए कहा- भारत-मिस्र की दोस्ती नई ऊंचाइयों को छू रही है। वहीं मोदी ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा- मुझे अलेक्जेंडर से मिलकर खुशी हुई। जहां तक हमारे देशों का संबंध है, हम दोनों ही भविष्य में मिलने वाले लाभकारी अवसरों को लेकर बहुत आशावादी हैं।


मालदीव के राष्ट्रपति के मोइत्जु से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी।

---

**झारखंड का मामला : अन्य आरोपियों को भी सजा**

## भूमि घोटाले में पूर्व मंत्री एक्का व पत्नी को 7 साल की सजा

एजेंसी ▶▶| रांची

सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर फर्जी पते पर अपने मंत्री पद का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन खरीदने के 15 वर्ष पुराने मामले में आज सीबीआई की अदालत ने झाकखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का, तत्कालीन एलआरडीसी, रांची कार्तिक कुमार प्रभात समेत 9 अभियुक्तों को दोषी करार दिया देते हुए सात साल व अन्य को 5 व 4 साल की सजा सुनाई। एनोस एक्का को सीबीआई कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई और 2.10 लाख का जुर्माना लगाया। उनकी पत्नी मेनन एक्का को भी 7 साल की सजा सुनाई और 2.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

### पूरी जांच के बाद पाया गया दोषी

इस मामले में सीबीआई के द्वारा जांच पूरी करते हुए दिसंबर 2012 में चार्जशीट दाखिल की थी। 22 अगस्त को इस मामले में दोनों पक्ष की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख 29 अगस्त तय की थी। 29 अगस्त को ही सीबीआई



के विशेष जज की अदालत ने 15 साल पुराने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर आदिवासी जमीन खरीदने के मामले में 30 अगस्त को सजा सुनाई गई। पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर राजधानी रांची के हिनू में अपनी पत्नी मेनन एक्का के नाम पर 22 कट्ठा जमीन, जबकि रांची के ओरमांझी में 12 एकड़ से अधिक जमीन, रांची के नेवरी में चार एकड़ जमीन, रांची के ही चुटिया सिरम टोली मौजा स्टेशन रोड में लगभग 9 डिसमिल जमीन खरीदी थी. सभी जमीन की खरीददारी मार्च 2006 से लेकर के मई 2008 के बीच की गई थी।

### इन दोषियों को मिली इतने-इतने साल की सजा

अन्य दोषियों जिसमें तत्कालीन एलआरडीसी समेत अन्य को पांच साल और वहीं कुछ दोषियों को चार साल की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी गोवर्धन बैठा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, राजस्व कर्मचारी मणिलाल महतो और बृजेश्वर महतो को पांच-पांच की सजा और 2.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अनिल कुमार राज, किशोर सिंह, फिरोज अख्तर और राजस्व कर्मचारी बृजेश मिश्रा को चार-चार साल की कैद इसके अलावा 2.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं भरने पर अतिरिक्त समय जेल में रहना पड़ेगा।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर आरोप है कि उन्होंने 15 साल पहले राज्य में मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर 1.18 करोड़ रुपए से अधिक की आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री फर्जी एड्रेस का इस्तेमाल कर की थी। इसमें सभी आरोपियों की मिलीभगत से सीएनटी एक्ट का उल्लंघन किया गया था। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 4 अगस्त 2010 को इस मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत अन्य दस लोगो पर एफआईआर दर्ज की थी।

### राहुल के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**प्रयागराज।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वाराणसी के विशेष




न्यायाधीश (सांसद-विधायक) अदालत के एक आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है। अधीनस्थ अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध से जुड़े एक मामले को एसीजेएम की अदालत के पास भेज दिया है। यह मामला अमेरिका में सिखों के संबंध में 2024 में दिए गए एक बयान से जुड़ा है। यह मामला न्यायमूर्ति समीर जैन की एक पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है जिस पर एक सितंबर, 2025 को सुनवाई की जाएगी।

*मुस्लिम बोले- घाटी पंडितों की जन्मभूमि*

## तीन दशक के बाद कश्मीर में फिर खुला शारदा भवानी मंदिर

**पाकिस्तान स्थित शारदा माता मंदिर की है एक शाखा**



एजेंसी ▶▶| जम्मू

कश्मीरी पंडित समुदाय ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शारदा भवानी मंदिर को तीन दशकों से भी ज्यादा समय बाद फिर से खोल दिया। इस समारोह में स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भारी भागीदारी रही। मध्य कश्मीर जिले के इचकूट गांव में ‘मुहूर्त’ और ‘प्राण प्रतिष्ठा’ के साथ आयोजित इस समारोह में कश्मीरी पंडित परिवारों का एक ग्रुप 1990 के दशक की शुरुआत में कश्मीर घाटी में उग्रवाद भड़कने के बाद पहली बार अपने पैतृक स्थान पर लौटा। इस दौरान एक मुस्लिम बुजुर्ग ने कहा कि कश्मीर घाटी कश्मीरी पंडितों की जन्मभूमि है और दोनों समुदाय साथ-साथ पले-बढ़े हैं।

### स्थानीय मुसलमान की करते थे प्रेरित

बडगाम स्थित शारदा स्थापना समुदाय के अध्यक्ष सुनील कुमार भट्ट ने कहा, हम कह सकते हैं कि यह पाकिस्तान स्थित शारदा माता मंदिर की एक शाखा है। हम लंबे समय से इस मंदिर को फिर से खोलना चाहते थे। स्थानीय मुसलमान भी यही चाहते थे। वे हमें नियमित रूप से आकर मंदिर की पुनर्स्थापना करने के लिए कहते थे।

### पंडित समुदाय के वापस लौटने का स्वागत

यह स्थानीय समुदाय के समर्थन को दर्शाता है।’’ एक बुजुर्ग स्थानीय मुसलमान ने कहा कि पंडित समुदाय का अपनी जड़ों की ओर लौटने पर हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा, ये लोग इसी गांव के निवासी हैं। हालात बिगड़ने से पहले हम साथ रहते और खाते-पीते थे। अगर उन्हें किसी चीज की जरूरत होती है, तो हम उनकी मदद के लिए मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी पंडितों की ‘जन्मभूमि’ है और दोनों समुदायों के लोग साथ-साथ पले-बढ़े हैं। उन्होंने कहा, हम साथ बिताए पलों को कैसे भूल सकते हैं? हमें खुशी है कि वे यहां आए और प्रार्थना की। यह उनकी आस्था का मामला है।

### मंदिर को 35 साल बाद खोला गया

पंडित समुदाय ने 35 साल बाद मंदिर को फिर से खोला है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह (सभा) एक वार्षिक आयोजन होगा और हम माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि समुदाय के सदस्य जल्द ही कश्मीर लौट आएं। भट्ट ने कहा कि कुछ कश्मीरी पंडितों ने, जिनमें से ज्यादातर प्रधानमंत्री पैकेज के तहत काम कर रहे हैं, मंदिर का पुनर्निर्माण किया है और पुराने मंदिर के खंडहर हो जाने के कारण, उन्होंने जिला प्रशासन से एक नए मंदिर के निर्माण के लिए संपर्क किया है।

## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

## असम राइफल्स ने बरामद किया गोला बारूद व ग्रेनेड सहित हथियारों का जखीरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम राइफल्स ने चम्फाई जिले के सैकुम्फाई गांव और उसके आसपास तलाशी अभियान चलाकर भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार जब्त किए। तलाशी अभियान के दौरान टीम ने घर से एक 12 बोर राइफल, एक पिस्तौल, गोला-बारूद और विस्फोटक, ग्रेनेड और जंग लड़ने सरीखा असलहा जब्त किया। खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने घर के पास के जंगल में छिपे हुए भंडार का पता लगाया, जिसमें बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य युद्ध संबंधी सामान थे।


**तीन ड्रम पकड़ाई विस्फोटक बनाने की सामग्री :** टीम ने कॉर्डटेक्स के तीन ड्रम, इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरण बनाने की सामग्री, विस्फोटकों का एक बेलनाकार पैकेट, पीईके के सात पैकेट, दो स्कोप, एक बुलेटप्रूफ प्लेट, तीन बुलेटप्रूफ जैकेट और एक बेल्ट भी जब्त किया है।



**क्या-क्या असलहा हुआ जब्त**

बयान में कहा गया कि इस जखीरे में एक हेकलर और कोच जी3 असॉल्ट राइफल, दो स्प्रिंगफील्ड स्नाइपर राइफल, दो शॉटगन, एक एमए असॉल्ट राइफल और दो हैंड ग्रेनेड शामिल हैं। इसके अलावा, 75 जीवित स्नाइपर राउंड, 92 जीवित 303 ट्रेसर राउंड, 30 जीवित 7.62 मिमी राउंड, 8 जीवित बारह बोर राउंड, 2 फायर किए गए बारह बोर केस, 91 जीवित 5.56 मिमी राउंड, और 1-1 जीवित और फायर किया गया 9 मिमी राउंड भी जब्त किए हैं।

### शब्द पहेली - 5975



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5974 का हल**



### सूडोकु नवताल - 5985

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5984 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |


## खबर संक्षेप

### बिकवाली से बीते सप्ताह तेल-तिलहनों के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग होने के बावजूद आयात की लागत से कम दाम पर बिकवाली के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। भारत में शुल्क अंतर बढ़ाये जाने के बीच मलेशिया में सीपीओ से पामोलीन तेल का दाम 4.5 रुपये किलो सस्ता है।

### ईवी दोपहिया की पहुंच वर्ष 2031 तक 40 फीसदी होगी



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड ने कहा कि भारत में वित्त वर्ष 2030-31 तक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत तक हो सकती है। कंपनी ने बताया कि इस समय तक कुल दोपहिया वाहन उद्योग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए सालाना 3-3.1 करोड़ इकाइयों तक पहुंच सकता है।

### आईओसी के प्रोजेक्ट स्प्रिंट के नतीजे दिखने शुरू




**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के 'प्रोजेक्ट स्प्रिंट' ने रिफाइनरियों में बेहतर परिचालन प्रदर्शन के साथ परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है और कंपनी ईंधन खुदरा विस्तार में नेतृत्व की स्थिति फिर से हासिल कर रही है। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने यह जानकारी दी।

### फैशन उद्योग में बिड़ला समूह अवसरों का लाभ उठाने तैयार



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरपर्सन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि समूह भारतीय फैशन उद्योग में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। एबीएफआरएल और एबीएलबीएल को वृद्धि का दोहरा इंजन बताया। अगले पांच वर्षों में 2,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 4,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है।

# आज से इंडेक्स डेरिवेटिव्स के लिए क्वांटिटी फ्रीज लिमिट में होगा बदलाव

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडेक्स डेरिवेटिव्स में एक सितंबर, 2025 से महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है, जिसमें क्वांटिटी फ्रीज लिमिट में फेयरबदल किया गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इंडेक्स डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के लिए क्वांटिटी फ्रीज लिमिट को संशोधित किया है, जो 1 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगी। 29 अगस्त को जारी एक सर्कुलर के माध्यम से परिवर्तनों को अधिसूचित किया गया। संशोधित फ्रेमवर्क के अनुसार प्रमुख सूचकांकों के लिए लागू फ्रीज लिमिट इस प्रकार होंगी। बैंक निफ्टी 900 पर, निफ्टी 50 1,800 पर, फिननिफ्टी 1,800 पर, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट 2,800 पर और निफ्टी नेक्स्ट 50 600 पर फ्रीज़ लिमिट होगी। 1 जुलाई से प्रभावी पहले के सर्कुलर के तहत कुछ सूचकांकों के लिए लिमिट कम थीं। बैंक निफ्टी 600 पर, निफ्टी 1,800 पर, फिननिफ्टी 1,800 पर, मिडकैप निफ्टी 2,800 पर, और निफ्टी नेक्स्ट 50 600 पर लिमिट फ्रीज़ थी।

- बैंक निफ्टी 900 पर, निफ्टी 50 1,800 पर, फ्रिज लीमिट लागू किया गजा

#### डेरिवेटिव्स के सभी ट्रेड पर लागू होगी

एनएसई ने अपने ट्रेडिंग में मेंबर्स को प्रभावी तारीख से पहले अपने सिस्टम को संशोधित कॉन्ट्रैक्ट डिटेल्स से अपडेट करने की सलाह दी है। अपडेट की गई कॉन्ट्रैक्ट फ़ाइलें एक्सचेंज के एक्स्ट्रानेट सर्वर के साथ-साथ इसकी आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। संशोधित लिमिट 1 सितंबर से इंडेक्स डेरिवेटिव्स के सभी ट्रेड पर लागू होंगी।

### 29 अगस्त को एक सर्कुलर के माध्यम से परिवर्तनों को सूचित किया गया

#### ट्रेडर्स सीधे प्रभावित हो सकते हैं

ये लिमिट फ्यूचर एंड ऑप्शन सेगमेंट में ट्रेड करने वाले बड़े ट्रेडर्स को सीधे तौर पर प्रभावित करेंगी, क्योंकि इसके अनुसार उन्हें अपनी ट्रेडिंग क्वांटिटी के अनुसार बदलाव करने होंगे। हालांकि थोड़े बहुत एडजस्टमेंट के बाद सबकुछ पुरानी लिमिट की तरह की मैनेज होने लगेगा, लेकिन क्वांटिटी पर नई फ्रीजिंग लिमिट के साथ अपने ट्रेड एक्सिक्यूशन को समझने में एक दो दिन लग सकते हैं। ट्रेड्रर्स के लिए यह कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं है।




#### संशोधन ऑर्डर साइज को बढ़ाता है

ताज़ा संशोधन प्रभावी रूप से बैंक निफ्टी फ्यूचर और ऑप्शन के लिए स्वीकार्य ऑर्डर साइज़ को बढ़ाता है, जबकि अन्य कॉन्ट्रैक्ट के लिए फ्रीज लिमिट को बरकरार रखता है। क्वालिटी लिमिट गलत या असामान्य रूप से बड़े ऑर्डर को रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करती हैं जो बाजार की स्थिरता को बाधित कर सकते हैं। फ्यूचर एंड ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट में अधिकतम ऑर्डर साइज की लिमिट निर्धारित करके एक्सचेंज 'फैट फिंगर' ट्रेडों के जोखिम को कम करने और डेरिवेटिव बाजार के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

### पाकिस्तान की सीमा के पास विशाल बंजर भूमि पर बना केंद्र

# कच्छ में स्वच्छ ऊर्जा का नया केंद्र शुरू अंबानी-अदाणी ने किया अरबों का निवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुजरात के कच्छ रण में पाकिस्तान की सीमा के पास की एक विशाल बंजर भूमि भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं का केंद्र बन गई है, जिसने उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी से कई अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है। पाकिस्तान सीमा के पास के इस सूखे और बंजर इलाके के लिए सबसे पहले अदाणी समूह ने अपनी बड़ी योजनाओं का ऐलान किया था।

अदाणी का खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो पेरिस शहर से करीब पांच गुना बड़ा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा परियोजना बताया जा रहा है, जिसका लक्ष्य सौर और पवन ऊर्जा के जरिए 30 गीगावाट बिजली पैदा करना है। अदाणी समूह ने खावड़ा में 2022 में काम शुरू किया था और फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय ग्रिड में पहली बिजली की आपूर्ति भी शुरू कर दी।

#### 2100 किलोवाट घंटे प्रतिवर्ष मिलती है सौर ऊर्जा

*कच्छ में अरबों डॉलर का निवेश आकर्षित होने का मुख्य कारण यह है कि यह भारत के उन क्षेत्रों में से एक है जहां सबसे अधिक सौर विकिरण (सोलर रेडिएशन) मिलता है। यहां प्रतिदिन औसतन 5.5 से 6.0 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ग मीटर सौर ऊर्जा प्राप्त होती है (लगभग 2,060 से 2,100 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ष)। यहां साल भर में 300 से अधिक दिन धूप वाले होते हैं, जिससे यह क्षेत्र निरंतर और बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए बेहद उपयुक्त बन जाता है।*



- सबसे पहले अदाणी समूह ने बड़ी परियोजना का किया था ऐलान
- खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ
- इसे दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा परियोजना बताया जा रहा

#### दुनिया की सबसे तेज सौर ऊर्जा स्थापनाओं में से एक

परियोजना के चरम समय में हम हर दिन 55 मेगावाट के सोलर मॉड्यूल और 150 मेगावाट-घंटे के बैटरी कंटेनर स्थापित करेंगे। यह दुनिया की सबसे तेज सौर ऊर्जा स्थापनाओं में से एक होगी। यह एकल स्थल आने वाले दशक में भारत की लगभग 10 प्रतिशत बिजली की जरूरतों को पूरा कर सकता है। उन्होंने जिस तरह से अपनी परियोजना का ब्यौरा दिया, उससे यह साफ लगा कि वह इसकी तुलना अदाणी समूह की परियोजना से नहीं करना चाहते थे।

#### बंजर भूमि के कारण लागत घटी

कच्छ में बड़े पैमाने पर फैली बंजर और अनुपजाऊ जमीन है, जो यूटिलिटी-स्केल (बड़े स्तर की) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती है। चूंकि यह जमीन कम आबादी वाले इलाकों में है और कृषि कार्य के लिए उपयोग में नहीं आती, इसलिए यहां लोगों के विस्थापन की समस्या बहुत कम होती है और भूमि अधिग्रहण की लागत भी काफी हद तक घट जाती है।

#### सौर मॉड्यूल व पवन टर्बाइन बनाने का काम शुरू

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अनुसार वहां 5.6 गीगावाट की क्षमता पहले से ही चालू हो चुकी है और 2029 तक यह 30 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। दोनों समूहों की योजनाएं सिर्फ बिजली बनाने तक सीमित नहीं हैं। वे सौर मॉड्यूल, बैटरी और हरित हाइड्रोजन जैसे उपकरण भी खुद बनाना चाहते हैं। इस मामले में भी अदाणी समूह फिलहाल आगे हैं, जिसने सौर मॉड्यूल और पवन टर्बाइन बनाने का काम शुरू कर दिया है।

# आरबीआई को निजी पूंजीगत व्यय बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ मुंबई

मजबूत घरेलू आर्थिक स्थिति और ब्याज दरों में एक प्रतिशत की कटौती से वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजी निवेश 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अगस्त बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह बात कही गई।

'निजी कॉरपोरेट निवेशः 2024-25 में वृद्धि एवं 2025-26 के लिए संभावनाएं' शीर्षक वाले इस लेख में कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत मजबूत बहीखाते, बेहतर नकदी भंडार, बढ़ी हुई लाभप्रदता और वित्तपोषण के विविध स्रोतों तक बेहतर पहुंच के साथ की है।

लेख में यह भी बताया गया कि सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने वाली नीतियां, लगातार घटती महंगाई, कम ब्याज दरें, बाजार में पर्याप्त नकदी की उपलब्धता और उद्योगों द्वारा क्षमता उपयोग में वृद्धि जैसे कारक देश में निजी निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। यह लेख निजी कंपनियों द्वारा घोषित पूंजीगत व्यय योजनाओं के चरणबद्ध आंकड़ों का विश्लेषण करता है, जिससे उनके निवेश इरादों का आकलन और निकट भविष्य की संभावनाओं की झलक मिलती है।




- व्यय 21.5 फीसदी बढ़कर 2 .67 लाख करोड़ होने की उम्मीद
- बुनियादी ढांचा क्षेत्र अब भी पूंजी निवेश आकर्षित कर रहा

#### ढांचा क्षेत्र में सबसे अधिक पूंजी निवेश

बुनियादी ढांचा क्षेत्र अब भी सबसे अधिक पूंजी निवेश आकर्षित कर रहा है, जिसमें सबसे अहम भूमिका 'ऊर्जा क्षेत्र' निभा रहा है। यह लेख स्निग्धा योगिन्द्रन, सुक्ति खांडेकर, राजेश बी कावेदिया और आलोक घोष ने लिखा है, जो सभी आरबीआई के सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग से हैं।

### भारत जल्द कर सकता है दो पनडुब्बी सौदों पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** चीन की बढ़ती नौसैना ताकत के मद्देनजर भारत अपनी समुद्री युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अगले साल के मध्य तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दो बड़े पनडुब्बी सौदों को अंतिम रूप दे सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पहला सौदा तीन स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के लिए है, जिनका निर्माण 'मझगांव डॉक लिमिटेड' (एमडीएल) और फ्रांस की रक्षा कंपनी 'नेवल ग्रुप' मिलकर करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि करीब 36,000 करोड़ रुपये के इस सौदे को दो साल पहले मंजूरी दे दी थी लेकिन तकनीकी और वित्तीय शर्तों को लेकर बातचीत में देरी हुई है। दूसरा बड़ा सौदा छह 'डीजल-इलेक्ट्रिक स्टील्थ' पनडुब्बियों के निर्माण का है, जिसकी अनुमानित लागत 65,000 करोड़ रुपये है। एक सूत्र ने बताया, "हमें उम्मीद है कि अगले साल के मध्य तक दोनों सौदों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।"

## पिछले सप्ताह पूंजीकरण 2.24 लाख करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.24 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,497.2 अंक या 1.84 प्रतिशत गिरा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और हिंदुस्तान यूनिलीवर को लाभ हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 70,707.17 करोड़ रुपये घटकर 18,36,424.20 करोड़ रुपये रह गया।

# टाटा कैपिटल सितंबर के अंतिम सप्ताह में लाएगी आईपीओ

- 17,200 करोड़ रुपए का बहुप्रतीक्षित आईपीओ लाने के लिए तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) टाटा कैपिटल 22 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में अपना 17,200 करोड़ रुपये का बहुप्रतीक्षित आईपीओ लाने के लिए तैयार है। मामले से परिचित बाजार सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

आरंभिक सार्जवनिक निर्गम से कंपनी का मूल्यांकन लगभग 11 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। टाटा कैपिटल 30 सितंबर तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकती है। अगस्त में दायर मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार 47.58 करोड़ शेयरों के प्रस्तावित आईपीओ में 21 करोड़ इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और 26.58 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। टाटा संस 23 करोड़ शेयर बेचेगी, जबकि अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) 3.58 करोड़ शेयर बेचेगा। इस समय टाटा कैपिटल में टाटा संस की 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि आईएफसी के पास 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# कुल कारोबार का 50 फीसदी हिस्सा होगा ई-कॉमर्स से

एजेंसी ⏭ मुंबई



- कूरियर प्रदाता कंपनी डीटीडीसी को उम्मीद
- तेज डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही

कूरियर सेवा प्रदाता डीटीडीसी एक्सप्रेस का लक्ष्य है कि उसका ई-कॉमर्स कारोबार कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचे। कंपनी इन दिनों 'रैपिड कॉमर्स' यानी तेज डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है, क्योंकि आज के ग्राहक अपने ऑर्डर की जल्द और समय पर डिलीवरी चाहते हैं।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक चक्रवर्ती ने बताया कि कंपनी ने इसी महीने अपनी रैपिड कॉमर्स सेवा 'रफ्तार' की शुरुआत की है, जिसमें चार से छह घंटे के अंदर डिलीवरी की जाती है। ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने के लिए, डीटीडीसी एक्सप्रेस अगली तीन तिमाहियों में 125 छोटे गोदाम खोलने की योजना बना रही है।

सीईओ ने कहा, ''रैपिड कॉमर्स आज के दौर में एक बहुत ही उपयुक्त तरीका है। हम जानते हैं कि क्विक कॉमर्स का मतलब है मिनटों में डिलीवरी, जो तत्काल खरीदारी, जरूरी चीजों और किराना सामान के लिए बहुत बढ़िया है। चक्रवर्ती ने कहा, ''मुझे लगता है कि कई ऐसे उत्पाद हैं, जिनके लिए ब्रांडों को एक तेज, टिकाऊ और किफायती समाधान चाहिए। डीटीडीसी यही सुविधा देना चाहती है, ताकि ब्रांडों को ज्यादा पैसे खर्च न करने पड़ें। इस तरह वे सिर्फ बड़े शहरों तक ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों तक भी पहुंच सकेंगे। यही हमारा लक्ष्य है।

सीईओ ने बताया कि यह इस साल की शुरुआत में डीटीडीसी द्वारा शुरू किए गए 'विजन 2030' का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''हमारा पारंपरिक कारोबार बहुत मजबूत और स्थिर है और उससे अच्छी कमाई भी होती है। लेकिन, हम जानते हैं कि नई मांगें और ग्राहक की जरूरतें अब नए क्षेत्रों में बढ़ रही हैं और इन्हीं में कंपनी अपना भविष्य देखती है।''


#### 60 फीसदी से ज्यादा ग्राहक उसी दिन डिलीवरी चाहते हैं

इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 60 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक उसी दिन डिलीवरी के लिए ज्यादा पैसे देने को तैयार हैं। भारत में यह बाजार 2030 तक 15 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। डीटीडीसी का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ेगी, एक्सप्रेस डिलीवरी का कारोबार ज्यादा रफ्तार से बढ़ेगा।

# सुशाइमो को नवाचार उत्कृष्टता पुरस्कार

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग परामर्श क्षेत्र की कंपनी सुशाइमो इंटरनेशनल लिमिटेड को कॉरपोरेट लाइव वायर यूके ने 'नवाचार एवं उत्कृष्टता पुरस्कार - 2025' से सम्मानित किया है। कंपनी के संस्थापकों में शामिल सूर्य कुमार सिंह ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। सुशाइमो इंटरनेशनल ने एक बयान में कहा कि पुरस्कार निर्णायक मंडल ने कंपनी के भारत से गहरे संबंधों को सराहा और कहा कि भारतीय कंपनियों के साथ उनके सहयोग ने न केवल घरेलू उद्योग को सशक्त बनाया है, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी नई ऊर्जा प्रदान की है। सिंह ने बताया, ''मैंने इस कंपनी की स्थापना वर्ष 2018 में तीन सह-निदेशकों के साथ मिलकर की थी। यह कंपनी आज विश्वस्तरीय अभियांत्रिकी परामर्श, वैश्विक व्यापार सहयोग और नवोन्मेषी इस्पात उद्योग समाधान उपलब्ध कराने वाली अग्रणी संस्था है।''

## मारुति ला रही सस्ती हाइब्रिड कार, कीमत 7.50 लाख से शुरू



**नई दिल्ली।** भारत में मारुति सुजुकी अपनी पॉपुलर फ्रॉन्क्स एसयूवी का हाइब्रिड वर्जन पेश करने जा रही है। इस नई फ्रॉन्क्स हाइब्रिड को 2026 में लांच किया जा सकता है और इसका संभावित डेब्यू इंडिया ग्लोबल एक्सपो 2026 में हो सकता है। हाल ही में गुरुग्राम में इस कार को टेस्टिंग के दौरान भी देखा गया था।

नई फ्रॉन्क्स हाइब्रिड मौजूदा पेट्रोल मॉडल से महंगी होगी। माना जा रहा है कि इसकी कीमत पेट्रोल वर्जन से करीब 2 से 2.5 लाख रुपए ज्यादा होगी। वर्तमान में फ्रॉन्क्स की कीमत 7.59 लाख से 12.95 लाख (एक्स-शोरूम) तक है। ऐसे में हाइब्रिड वेरिएंट की कीमत 8 लाख से 15 लाख (एक्स-शोरूम) के बीच हो सकती है। इस रेंज में यह एसएयू मिडिल-क्लास ग्राहकों के लिए बजट-फ्रेंडली विकल्प साबित हो सकती है।

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा संख्या आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम(डीटीटी)/5/2021/पर्यटन/सीओ – 'बौद्ध सर्किट टूरिस्ट ट्रेन' के पर्यटकों के लिए ग्राउंड हैंडलिंग व्यवस्था के प्रावधान हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए, जिसमें होटलों में फ्रेश–अप/रात भर ठहरना, ऑफ–बोर्ड खानपान, सड़क स्थानान्तरण, दर्शनीय स्थल, प्राथमिक चिकित्सा, पेशेवर/भाषा गाइड आदि शामिल हैं, दो साल की अवधि के लिए, सीजन 2025–26 और 2026–27 के लिए। बोली–पूर्व ऑनलाइन बैठक: 10.09.2025 को 11:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 25.09.2025 को 15:00 बजे तक।
2. खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/संचालन/बिलासपुर – 5 साल की अवधि के लिए बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 'रेल नीर' पैकेज्ड पेयजल संयंत्र के लिए ऑपरेटर के चयन हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 12.09.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC को देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का आगे कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा क्रमांकः सी.ए.ओ./सी/बीएसपी/25-26-1, दिनांक : 19.08.2025 (खुली ई–निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)
कार्य : छततीसगढ राज्य में ईपीसी मोड में दुर्ग–राजनांदगांव (31.0 किमी) एवं सरोना–भिलाई (17.30 किमी) सेक्शनों के मध्य चतुर्थ लाइन के निर्माण से संबंधित, प्रत्येक पहुँच मार्ग पर 300 मीटर तक फॉरमेसन सहित 01 महत्वपूर्ण ब्रिज तथा 04 मेजर ब्रिज का निर्माण।
निविदा मूल्यः 1,26,64,82,782.94/– अमानत राशिः ₹ 63,32,400.00/–, कार्य पूर्णता की अवधिः 720 (सात सौ बीस) दिन स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 17–12–2025 को 15.00 बजे,
निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांकः 17–12–2025 को 15.30 बजे,
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर पिनः 495004 अथवा उप मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर पिन : 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक /पश्चिम/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/FL/276
South East Central Railway @secrail

**HDFC BANK एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय:** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400013
**जांजगीर शाखा:** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भवानी प्लाजा, ग्राउंड फ्लोर लिंक रोड, जांजगीर, छत्तीसगढ़

**सरफेसी अधिनियम (2002) की धारा 13 (2) के तहत पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस, वापसी की तिथि सहित**

संदर्भ संख्या : एचडीएफसी/केजीसी/05 दिनांक 26/08/2025

प्रति,
**श्री होमेश चतुर्वेदी पुत्र विजय कुमार चतुर्वेदी** (आवेदक)
पुराना चंदनिया पारा वार्ड नं . 17 परशुराम वार्ड जांजगीर जिला–जांजगीर चांपा छ.ग.–495668
**श्री विजय कुमार चतुर्वेदी पुत्र साहेब लाल चतुर्वेदी** (सह-आवेदक)
पुराना चंदनिया पारा वार्ड नं . 17 परशुराम वार्ड जांजगीर जिला–जांजगीर चांपा छ.ग. पिन–495668

**प्रिय महोदय/महोदया,**
**विषय: वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन की धारा 13(2) सहपठित सुरक्षा हित अधिनियम-2002की धारा 13(13) के तहत नोटिस।**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002, जिसे आगे "अधिनियम" कहा जाएगा, के प्रावधानों के अनुसार, बैंक द्वारा अधोहस्ताक्षरी को विधिवत प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। मैं आपको निम्नलिखित सूचना जारी करता/करती हूँ:
आपके अनुरोध पर, एचडीएफसी बैंक ने **कुल 3889190.00 (रूपये 38 लाख नवासी हजार एक सौ नब्बे मात्र)** की ऋण सुविधाएँ प्रदान की थीं। आपने वर्ष 2022 में इसके संबंध में प्रासंगिक प्रतिभूति दस्तावेज/दस्तावेज भी निष्पादित किए हैं। आप संख्या 01, उपरोक्त ऋण सुविधाओं के लिए ऋणी हैं, संख्या 02, सह–ऋणी हैं। आपने समय–समय पर पत्र और अन्य दस्तावेज़ों द्वारा उपरोक्त सुविधा के संबंध में देयता के अस्तित्व को भी स्वीकार किया है।
इस सूचना के **दिनांक 26/08/2025** तक बैंक को **देय कुल बकाया देयता 3889190.00 (रुपये अड़तीस लाख नवासी हजार एक सौ नब्बे मात्र)**। उपरोक्त वित्तीय सहायता का संचालन और संचालन अत्यधिक अनियमित हो गया था।
आपने भुगतान करने में विफलता और उपेक्षा की है और उपरोक्त सुरक्षित ऋण के पुनर्भुगतान में चूक की है और आपके द्वारा मूल ऋण और उस पर ब्याज के पुनर्भुगतान में की गई चूक के परिणामस्वरूप भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिसंपत्ति वर्गीकरण से संबंधित **निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार 01/10/2024** को ऋण को **गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन परिस्थितियों में बैंक ने अग्रिम राशि वापस लेने का निर्णय लिया है। बार–बार अनुरोध के बावजूद, आप उपरोक्त देय राशि/बकाया देनदारियों का भुगतान करने में विफल रहे हैं। बकाया राशि और संपार्श्विक सुरक्षा सहित ऋण सुविधाओं का विवरण नीचे दिया गया है :

| ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋण राशि जारी तिथि | फायनेंस राशि | मूल धन | ब्याज | बकाया ईएमआई | अन्य प्रभार | 26.08.2025 को कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50200051602000 | किसान शक्ति | 31-05-2022 | 37,95,073 | 37,95,073 | 8,32,571 | कोई नहीं | कोई नहीं | 46,27,644 |
| 50200051599708 | ओवर ड्राफ्ट | 31-05-2022 | 94,117 | 94,117 | 12,760 | कोई नहीं | कोई नहीं | 1,06,877 |
| कुल | | | 38,89,190 | 38,89,190 | 8,45,331 | शून्य | शून्य | 47,34,521 |

सुरक्षा : – बैंक वित्त से निर्मित भवन और अन्य परिसंपत्तियों का दृष्टिबंधक।

| क्र.सं. | स्वामी का नाम | प्रकार/प्रकृति | संपत्ति का पता | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विजय कुमार चतुर्वेदी पुत्र साहब लाल चतुर्वेदी | आवासीय रो हाउस | वार्ड नं . 17, परसुराम वार्ड, मौजा जांजगीर, ख नं . 3956/6, 3957/8, प.ह.नं . 41, तह . जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा, (छ.ग.) 495668 | माप 1090 वर्गफुट |

इस सूचना की तिथि तक बैंक के प्रति आपकी बकाया **देयता 3889190.00 रुपये (अड़तीस लाख नवासी हजार एक सौ नब्बे रुपये मात्र)** है। यदि आप बैंक को **3889190.00 रुपये (अड़तीस लाख नवासी हजार एक सौ नब्बे रुपये मात्र)** की उक्त राशि चुकाने में विफल रहते हैं, तो आप उक्त राशि पर संविदात्मक दर से भविष्य में ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। अधिनियम की धारा 13(2) के तहत इस सूचना के अनुसार ऊपर बताए गए अतिरिक्त ब्याज के साथ, बैंक धारा 13 की उप–धारा (4) और उक्त अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों के तहत सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगा।
उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी आपसे बैंक की कुल देनदारी, जो **रु. 3889190.00 (रु. अड़तीस लाख नवासी हजार एक सौ नब्बे मात्र)** है, को संयुक्त रूप से और पृथक रूप से पूर्ण रूप से चुकाने का अनुरोध करते हैं। साथ ही, भविष्य के ब्याज और दंडात्मक ब्याज (CC @ 16% प्रति वर्ष और TL @ 24%) का भुगतान इस नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर देय राशि, आकस्मिक व्यय और अन्य लागतों के पूर्ण भुगतान तक, अन्यथा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। लागू की जाने वाली सुरक्षित संपत्तियों का विवरण पहले ही ऊपर दिया जा चुका है।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आप बैंक की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना इस नोटिस में उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे के माध्यम से या अन्यथा कब्जे से अलग करके हस्तांतरित नहीं करेंगे। यह नोटिस, सुरक्षित ऋणदाता को उपलब्ध अन्य कानूनी अधिकारों/उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जारी किया गया है ताकि वह वर्तमान में लागू किसी अन्य कानून के प्रावधानों के तहत उचित और आवश्यक समझी जाने वाली कोई अन्य कानूनी कार्यवाही/कार्रवाई शुरू कर सके, या पहले से शुरू की गई कानूनी कार्रवाइयों को सामान्य रूप से जारी रख सके। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि अधिनियम के तहत प्रदत्त निषेधाज्ञा/प्रतिबंध का कोई भी उल्लंघन एक अपराध है।
कृपया इस नोटिस के अंतर्गत माँग का पालन करें और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचें। अनुपालन न करने की स्थिति में, आगे की आवश्यक कार्रवाई बहाल कर दी जाएगी और सभी लागतों और परिणामों के लिए आप उत्तरदायी होंगे।

**भवदीय, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए**
**लक्ष्मीचंद देवांगन (प्राधिकृत अधिकारी)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ताबड़तोड़ छापे, 23...

एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने, निर्धारित प्रारूप में बिल जारी नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण जारी करते हुए उपलब्ध 113 बोरी यूरिया खाद को जब्त किया गया। इसे निर्धारित दर पर कृषकों को वितरित करने के साथ लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। गुप्ता ट्रेडर्स बिल्हा को निर्धारित प्रारूप में बिल जारी नहीं करने के कारण नोटिस दिया गया। कृषि सेवा केन्द्र चकरभाठा को स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने, निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी संधारण नहीं करने, पीओएस मशीन में दर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर होने के कारण स्पष्टीकरण मांगा गया है। जय माता दी खाद भंडार चकरभाठा को पीओएस मशीन में दर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर होने तथा नियमित प्रतिवेदन नहीं भेजने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया। विकासखंड तखतपुर में बसंत खाद भंडार तखतपुर, राधेकृष्ण सेवा केन्द्र बेलसरी, अंसारी खाद भंडार तखतपुर, किसान सेवा केन्द्र तखतपुर, एवं बजरंग खाद भंडार तखतपुर कृषि केन्द्रों में यूरिया खाद का स्कंध नहीं पाया गया। विकासखंड मस्तूरी में धर्मेश कुमार राठौर कौड़िया, अशोक कुमार राठौर कौड़िया, गुरूनानक जनरल स्टोर मस्तूरी, शिव ट्रेडर्स मस्तूरी, रूद्र कृषि केन्द्र गतौरा, शुभम कृषि केन्द्र गतौरा, आदर्श ट्रेडर्स गतौरा, एवं राठौर खाद भंडार गतौरा रूद्र कृषि केन्द्र गतौरा को पीओएस मशीन में दर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर होने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया। कोटा में समृद्धि कृषि केन्द्र सीस, रश्मि कृषि सेवा केन्द्र सीस, राणीसती कृषि केन्द्र कोटा रश्मि कृषि सेवा केन्द्र में 24.48 यूरिया खाद आर्डडी पर दर्शित हो रहा है, परंतु भौतिक रूप में उपलब्ध नहीं है, पॉस मशीन खराब है, जिसे तत्काल बदलने एवं नियमानुसार स्टॉक नुल करने का आदेश दिया गया।

### यूरिया संकट...

में 1350 रुपए बोरी मिलता है। दरअसल सहकारी समितियों में किसानों को यूरिया का वितरण नैनो यूरिया के नाम से किया जा रहा है। जिसकी वजह से किसान कृषि केंद्रों में जाकर यूरिया खाद ले रहे हैं। कृषि केंद्र वाले इसी का फायदा उठा रहे हैं। **सोसायटी में खाद की कमी, बाजार में यूरिया के दोगुने दाम**-राजनांदगांव में सोसाइटी में खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को अधिक दाम में बाजार से उर्वरक खरीदने की मजबूरी हो रही है। समय पर खाद का छिड़काव करने के लिए मजबूरन किसानों को निजी कृषि केन्द्रों से खाद की खरीदी करनी पड़ रही है। आमतौर पर सोसाइटी में मिलने वाली 45 किलो की एनएफएल, एचयूआरएल और आईएफएफसीओ कंपनी के यूरिया उर्वरक की बोरी का दाम 266 रुपए है, लेकिन खुले बाजार में एनएफएल यूरिया 800, एचयूआरएल 1000 और आईएफएफसीओ कंपनी की यूरिया उर्वरक का दाम 1200 रुपए तक है। खाद की कमी की वजह से किसान इसे मजबूरी में खरीद भी रहे हैं। **कालाबाजारी पर कार्रवाई शून्य**-राजनांदगांव में शहरी साहित ग्रामीण क्षेत्र के कई कृषि केंद्र है, जहां पर मुनाफाखोरी करते हुए अधिक दाम पर यूरिया खाद बेची जा रही है। शासन-प्रशासन तक शिकायत पहुंचने के बाद भी इस पर करवाई नहीं हो रही है, जिसके चलते दुकानदार मनमाफिक दाम में उर्वरक की बिक्री कर रहे हैं। **चार केंद्रों की जांच यूरिया खाद जब्त**-कृषि विभाग ने शनिवार को दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के 10 कृषि केंद्रों में दबिश दी। इन केंद्रों से कुल 57.22 मिट्रिक टन यूरिया खाद जब्त की गई। कृषि विभाग के उपसंचालक संदीप भोई ने बताया कि मेसर्स रूद्र कृषि सेवा केंद्र नगपुरा में 13.35 मिट्रिक टन, मधुबन ट्रेडर्स नगपुरा, देवांगन कृषि केंद्र जंजगिरी में 02.52 मिट्रिक टन और मेसर्स विद्या कृषि केंद्र बोरी धमधा में 41.35 मिट्रिक टन खाद की जप्ती बनाई गई है। इन केंद्रों की जांच में स्टॉक अनियमित पाया गया। जिले में इस सीजन में- अब तक 270 कृषि केंद्रों की जांच की गई है। जिसमें 53 को कारण बताओ नोटिस, एक लाइसेंस निरस्त करने और 13 केंद्रों में जब्ती व 10 केंद्रों में विक्रय प्रतिबंधित किया जा चुका है। **पहली बार टूटा यूरिया के दाम का रिकॉर्ड**-दो साल पहले यूरिया की सबसे अधिक किल्लत हुई थी। निजी दुकानों में प्रतिबोरी यूरिया अधिकतम कीमत 700 से 900 रुपए तक में बिका। किसान काम चलाने मजबूर थे, क्योंकि फसल में समय पर यूरिया डालना होता है, इसके कारण किसी के पास शिकायत भी नहीं कर पाते हैं। इस सीजन में यह रिकॉर्ड भी टूट गया और बाजार में 1000 रुपए तक में बिक रहा है। **शासकीय गोदामों में यूरिया खाद की उपलब्धता से किसानों को बड़ी राहत**-कबीरधाम जिले के किसानों के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से रासायनिक खाद की कमी से जूझ रहे किसानों को अब शासकीय खाद गोदामों से यूरिया खाद निर्धारित दर पर उपलब्ध होने लगी है। कोदवागोडान सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सरकारी समितियों में यूरिया खाद की आपूर्ति बहाल हो चुकी है और इसका उठाव जोरदार तरीके से हो रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में बाजार में यूरिया की भारी कमी के चलते निजी कृषि केंद्र संचालकों ने दाम बढ़ाकर 800 से 1000 रुपए प्रति बोरी तक कर दिए थे। सरकारी दर मात्र 266.50 रुपए प्रति बोरी होने के बावजूद किसानों को मजबूरी में ऊंचे दाम पर खाद खरीदनी पड़ी। बरबसपुर के कृषक भागवत बंजारे ने बताया कि हमें 600–700 रुपए तक में खाद खरीदनी पड़ी थी।अब सरकारी दर पर खाद मिलने से राहत मिली है। कृषक अगरदास कोसरिया ने कहा कि खाद की कमी से खेती महंगी हो गई थी। अब समय पर खाद मिलने से हमारी फसलें बचेगी।

### प्रदर्शन के बाद...

थी, जिसके बाद क्षेत्र के सहकारी सोसायटियों में लगातार दो दिनों तक खाद पहुंचाई गई। उसके बाद पिछले एक सप्ताह से फिर खाद खत्म हो गई है और कब खाद आएगी बताने वाला कोई नहीं है। जिसके चलते मजबूरी में किसान महंगे दामों पर खाद लेने मजबूर हो रहे है। 266 रुपए के यूरिया 1 हजार से 1200 रुपए में खुले बाजार में बिक रहा है और मजबूरी में किसान खरीद रहे हैं। देवभोग, अमलीपदर, गोहरापदर, शोभा, गौरगांव क्षेत्र में ओडिशा से किसान खाद लाने मजबूर हो रहे है।

### विद्यार्थियों को संस्कृत...

कहना है, संस्कृत भाषा वैज्ञानिकी भाषा है। संस्कृत में कृषि, कला, साहित्य, विज्ञान, दर्शन, प्रबन्धन, तकनीक, आयुर्वेद, विधि आदि का मौलिक ज्ञान निहित है। संस्कृत-अध्ययन केंद्र द्वारा सरलता से संस्कृत के विविध क्षेत्रों का ज्ञान छात्र प्राप्त कर सकते हैं।

### दिया जाएगा व्यवहारिक...

विश्वविद्यालयों में ये पाठ्यक्रम संचालित हैं। रविवि ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाते हुए आवेदन दिया था। इसके पश्चात पाठ्यक्रम के लिए एक केंद्र रविवि अध्ययनशाला में खोला गया है।

### ऑनलाइन होगी ...

निर्धारित की जाएगी।पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद मई 2026 में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आनलाइन माध्यम से परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### जहां बनी सड़क...

अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के संबंध में प्रतिवेदन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को मिले थे। जांच के दौरान मूल रूप से अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं। मामले राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। राज्य सरकार घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू-एसीबी से भी करा रही है।

### भूस्खलन से बिजलीघर...

कार्रवाई शुरू की। अभी 19 में से आठ लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। 11 अन्य को निकाले जाने के लिए काम रात तक जारी रहा। भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ। सीमा सड़क संगठन की जेसीबी मशीनों रास्ता साफ करने के काम में जुटी हैं। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बाकी बचे कर्मचारी भी जल्द बाहर आ जाएंगे। विद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन का काम सामान्य रूप से जारी है। किसी प्रकार की चिंताजनक बात नहीं है। जेसीबी मशीनों से मलबा हटाने का काम जारी है। फिलहाल सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा है। पिथौरागढ़ की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि बड़े-बड़े पत्थरों ने सुरंग के मुहाने को बंद कर दिया है। जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। फंसे मजदूर और कर्मचारी कंपनी और स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं। कर्मचारियों के पास अंदर खाने-पीने का सामान भी काफी है। वहीं धारचूला के उप-जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन की जेसीबी मशीनें काम पर जुटी हैं। स्थिति सामान्य है।

### आईएमडी का...

और कस्बों पर पड़ेगा। इसलिए, हमें इसे ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महानदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भी भारी बारिश का अनुमान है। महापात्र ने कहा कि 1980 के बाद से सितंबर में बारिश में मामूली वृद्धि का रुझान है, 1986, 1991, 2001, 2004, 2010, 2015 और 2019 में इस महीने में कम बारिश को छोड़कर। आईएमडी ने कहा कि सितंबर के दौरान पश्चिम-मध्य, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है। हालांकि, पूर्व-मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत और पश्चिमी तटीय क्षेत्र के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### भारी बारिश व बाढ़...

सुकमा जिले के 14 सड़क, पुल पुलिया, बीजापुर जिले के 7 सड़क क्षतिग्रस्त हुए। तुमनार, बाघमुंडी, बंजारिन घाटी, बास्तानार की सड़कों का किनारे टूट गया। इसी तरह कुछ मार्गों के पटली एवं पुल पुलिया के पहुंच मार्ग बारिश से कट गए, जिससे लोगों आवागमन बंद हो गया। इस तरह से बारिश के कारण सड़कें बह गई हैं, पुलिया टूट चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी के भवन सड़क, सेतु और राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, उपयंत्री टीम के साथ स्थल में पहुंचकर जर्जर, पटली एवं पुल पुलिया के कटे पहुंचमार्ग को सुधारने में जुटे हुए हैं।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें



सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702

विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** साइट चौकीदार, सेल्स एवं फील्ड के लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-7583808008 (1477)

**आवश्यकता है-** पेस्ट कंट्रोल कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है वेतन 10,000 तिफरा संपर्क करें 95226 01634, 8982080720 (38578)

**आवश्यकता है-** हेन्डलुम कपड़े (परदा, चादर, सोफा कवर) दुकान में कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें श्री राम क्लाथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9300088840, 9826174433 (38579)

**आवश्यकता है-** भारतीय नागर में घर में खाना बनाने और दिन भर रहने के लिए लड़की/महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893168448 (38582)

**आवश्यकता है-** होटल लॉज में काम करने हेतु मैनेजर, वेटर (रूम सर्विस) की आवश्यकता है शादीशुदा लोगों को प्राथमिकता बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- होटल शिवम देवकीनन्दन चौक बिलासपुर 9827957786, 8643910000 (38580)

**आवश्यकता है-** फील्ड ऑफिसर, काउंसलर, टेलीकॉलर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 20000 सम्पर्क करें- शीला शिखर कॉम्पलेक्स, अशोक नगर चौक के पास सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 9244110169, 6267598299 (38577)

**आवश्यकता है-** खमरिया काठाकोनी में बगीचे की देखरेख करने के लिए अनुभवी माली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8754507712, 7987309303 (38569)

**आवश्यकता है-** सहायक प्राध्यापक की कम्प्यूटर संकाय में आवश्यकता है। सम्पर्क करें- कार्यालय प्राचार्य एसबीटी महाविद्यालय कुदुदण्ड जिला बिलासपुर (छ.ग.) (38549)

**We Are Hiring!**
BHATIA ENERGY & COAL BENEFICATION PVT. LTD. (BECBPL)
Lokhandi, Bilaspur (C.G.)
Seeking experience professionals from Coal/Steel/Power industries:
HR Manager 1 Post — Experience 6yrs
Weigh Bridge Operator 2 Post — Experience 3yrs
Coal Lab Chemist 1 Post — Experience 10yrs
Store Keeper 1 Post — Experience 5yrs
Security In-Charge 1 Post — Experience 5yrs
Head Accountant 1 Post — Experience 8yrs
Junior Accountant 1 Post — Experience 4yrs
Data Entry Operator 2 Post — Experience 2yrs
Contact : Email : support@becbpl.com Phone : 6264020111

**आवश्यकता है-** घर में 24घंटे रहकर चौकीदार की आवश्यकता है जो घर की देखभाल एवं अन्य कार्य कर सके। रहने की सुविधा उपलब्ध। सम्पर्क- बलराम टॉकीज के पीछे नेहरू नगर बिलासपुर 9826765706 (38572)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क करें, गोयल मेडिकल स्टोर, CIMS गेट के सामने बिलासपुर 9303112340, 9300674797 (38573)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य एवं आयुर्वेद प्रोडक्ट्स मार्केटिंग हेतु कम्प्यूटर अनुभवी व्यक्ति चाहिए वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शिवा इन्टरप्राइजेज SN-2, अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 98930 81826, 7067124226 (38547)

**आवश्यकता है-** सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू 10,000/- खाने रहने की सुविधा नशेड़ी संपर्क न करें- 7225888800 (6992)

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में साड़ी काउंटर संभालने हेतु पुराने अनुभवी सेल्समैन/ युवक की आवश्यकता है वेतन 12000 से प्रारम्भ सम्पर्क करें- सिटी हार्ट रेडीमेड शोरूम, मदीना मस्जिद गली गोल बाजार बिलासपुर (38550)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में कार्य करने सुपरवाइजर हेतु लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- श्री शारदा इन्टरप्राइजेज सिटी कोतवाली चौक के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 8370019963 (38560)

**आवश्यकता है-** हाईकोर्ट अधिवक्ता आफिस में पुरुष, महिला अधिवक्ता की आवश्यकता है। उम्र- 20 से 32 वर्ष, योग्यता- एलएलबी, मासिक सैलरी 7000 (अच्छा काम करने पर सैलरी बढ़ा दी जाएगी) सम्पर्क करें- 7024597788 (38543)

**आवश्यकता है-** फर्निशिंग शोरूम अर्बन लिविंग 27 खोली मुंगेली नाका चौक बिलासपुर में काउंटर सेल्स के लिए कार्य करने हेतु 20 लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109090000, 83193 97645 (38565)

**आवश्यकता है-** अम्माजी ट्रेडर्स में कलेक्शन कार्य के लिए लड़के की आवश्यकता है बाइक अनिवार्य सम्पर्क करें- 9699991449 (38566)

**आवश्यकता है-** प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, मिस्त्री मल्टी टैलेंटेड कर्मचारी वेतन 15000 महीना एवं घर के कार्य हेतु महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर 8602366077, 7974417600 (38557)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। जो म.प्र. उज्जैन में रह कर कम कर सके, योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास। सैलरी 10,000 + कमिशन, बोनस+ रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15 से 20000 संपर्क 96307 73028 9993044523 (411)

**आवश्यकता है**
प्रदेश की अग्रणी NGO समर्पित संस्था को छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना व लिंक वर्कर योजना के बिलासपुर जिले में क्रियान्वयन के लिये निम्न स्टॉफ की आवश्यकता है।
आउटरीच वर्कर 2पद — वेतन 10500 एवं यात्रा भत्ता
कलस्टर लिंक वर्कर 3पद — वेतन 6050 एवं यात्रा भत्ता
इच्छुक उम्मीदवार लिखित परीक्षा व साक्षात्कार हेतु 01 सितंबर 2025 दिन सोमवार समय 11बजे निम्न कार्यालय पर उपस्थित होवें
सम्पर्क करें
समर्पित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना
गार्डन के पीछे L-9 शेष कॉलोनी विनोबा नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
8319091819

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुरारका एजेन्सी काली मन्दिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर (38552)

**आवश्यकता है-** लिमिटेड कंपनी को जरुरत अनपढ़ से 12वी पास लड़कों/लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920 930586 (1133)

**आवश्यकता है-** इंट्रा/ लीलैंड लोडिंग गाड़ी चलाने हेतु एक अनुभवी ड्राइवर एवं हमाली कार्य हेतु हमाल की आवश्यकता है स्थान बिलासपुर। रविवार छुट्टी वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8827821421, 62689 70045 (38548)

**आवश्यकता है-**सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था बिजली पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका 18-25 वर्ष के लड़के, 11000 मासिक+ प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 8448107841, 93027 08426 (216)

**आवश्यकता है-**पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 (589)

**आवश्यकता है-** संजय बैग हाउस में काम करने हेतु लड़के लड़कियों एवं घर में साफ, सफाई, झाड़, पोछा करने के हेतु महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827114449 (38553)

**आवश्यकता है-** ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग कार्य हेतु 5 लड़के, 5 लड़कियों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन कार्य समय 10.00 से 8.00, संपर्कः- पाहवा इंटरप्राइजेज गोल्डन बार के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर 8109168000 (242)

**आवश्यकता है-**UTN शॉप में सर्व कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन 10000 से 15000 पता-शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 78060 07192, 7999594790 (38538)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500 + 56500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा 7054311719 (1125)

**आवश्यकता है-** मॅट्रिमोनी में कार्य करने हेतु लड़की व महिलाओं की आवश्यकता है वेतन 6000+ कमीशन, संपर्कः- नगर निगम कॉलोनी, महाराणा प्रताप चौक 88390 03597, 9424145652 (245)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़की स्टॉफ की आवश्यकता है (समय- सुबह 9 से रात 9 तक) संपर्कः- सांई ट्रेडर्स बसंत विहार चौक, राजकिशोर नगर बिलासपुर 9329093222 (239)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090 (375)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वीं पास लड़कों, जो कानपुर. उत्तर प्रदेश में रहकर काम कर सके सैलरी- 10000 +कमीशन +बोनस +प्रमोशन +रेल किराया आवास फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 30हजार महीना 7225815090, 8770508791 (246)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु लड़को की जरूरत है आयु 20 से 27 होनी चाहिए वेतन 10000 से 12000 सीधी भर्ती बिना किसी फीस के केवल छत्तीसगढ़ वालो के लिए सम्पर्क करें- 81715 00513, 6387630593 (366)

**आवश्यकता है-**नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 (1113)

**आवश्यकता है-** उमा मार्ट में कार्य करने हेतु लड़के आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- उसलापुर रोड 36 मॉल के पास मंगला बिलासपुर 6264951541 (238)

**आवश्यकता है-** होलसेल कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु एवं सेल्समैन, रेडिमेड शोरूम में सेल्समैन सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827112950, 8319617107 (38542)

**अवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी लड़कों एवं रिक्शा चालक की आवश्यकता है पेमेंट भरपुर मात्रा में सम्पर्क करें- नैतिक ट्रेडर्स, सरजू बगीचा बिलासपुर 7711006641 (38511)

**आवश्यकता है-**Fraud call से सावधान reliance jio 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट /फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000-45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call /Whats App/ SMS करें- 9239736582 (1124)

**आवश्यकता है-** शीघ्र आवश्यकता है इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- मो 7611101133 (411)

## बेचना

**बेचना है-** सड़क चिड़चारी, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव, नेशनल हाइवे 6 से मात्र लगभग 100 मीटर अंदर प्लॉट बेचना है राईस मिल एवं अन्य कार्य के लिए उपयुक्त संपर्क- 9229200009 (766)

**बेचना है-** आर्या कॉलोनी तिफरा स्थित 3 मंजिला 4BHK स्वतंत्र मकान स्वयं का बोर सहित सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है (व्हाट्स पर वीडियो फोटो उपलब्ध) सम्पर्क करें- 9479170222, 9329407603 (38571)

**बेचना है-** मोपका सेंदरी बायपास रोड ऊपर बिरला ओपन माइंड हायर सेकेण्डरी स्कूल, वाटर पार्क के आगे नगोई बिलासपुर में 90 फीट फ्रंट में 11336 वर्गफिट एवं लोयला स्कूल रोड बिलासपुर में 80X130 का प्लाट बेचना है। 8305090000 (247)

**बेचना है-** (1) सीपत रोड सरकण्डा पाम इंक्लेव में 3BHK सर्वसुविधायुक्त बिल्टअप 1100 सुपर बिल्टअप 1500 वर्गफुट फ्लैट 52लाख (2) जूना बिलासपुर डबल स्टोरी ग्राउण्ड 214+ फर्स्ट फ्लोर 214 वर्गफुट निर्मित मेन रोड दुकान 86लाख (3) प्रताप टॉकीज चौक के पास 9×6 दुकान लगभग 10×10 पार्किंगयुक्त 25लाख सम्पर्क- राजेश श्यामनानी 98271 68452, 9300625174 (850)

**बेचना है-** बिलासपुर के प्राइम लोकेशन मुंगेली रोड ग्रीन गार्डन के पीछे शुभम विहार शिक्षक कॉलोनी फुल फर्निश्ड 2850 वर्गफुट में बना उत्तर मुखी डुप्लेक्स 4BHK मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 6262525232 (38564)

**बेचना है-** प्रथम हॉस्पिटल के सामने गीतांजलि सिटी फेस-1 सरकंडा में 23×75 और 22×75 के दो प्लॉट डायवर्टेड एकमुश्त या टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें 9827110714, 7999481154 (38567)

## किराया

**किराया-** 2BHK हॉल किचन 2 टॉयलेट नौकरी, पेशा हेतु महावीर नगर मंगला चौक एवं रियल हेवन सेकेंड फ्लोर में 276 वर्गफुट फर्निश्ड आफिस कंसल्टेंसी क्लीनिक हेतु उपलब्ध है सम्पर्क- 83192 59757, 9424254836 (38559)

**किराया -** 7500 वर्गफुट का पक्का लेंटर वाला गोदाम, रायपुर मेन रोड, कृष्णा केमिकल्स के आगे, त्रिवेणी डेंटल कॉलेज के सामने, एक एकड़ जमीन में बना। ऑफिस, बाथरूम, बिजली, पानी, स्टाफ रूम, गार्ड रूम, चारों तरफ पक्की बाउंड्री सहित। सम्पर्क करें- 8720024000 (38540)

**किराया-** राजीव प्लाजा प्रथम तल 186 वर्गफीट नवभारत प्रेस के सामने एवं 1000 फिट का हाल सेल्स टेक्स ऑफिस के सामने किराये से देना है। संपर्क करें. 9827913277 (38554)

**किराया -** फ्लैट किराये पर देना है ग्रीन गार्डन (नीलगिरी अपार्टमेंट) मुंगेली रोड में 3 बेडरूम, सर्वेंट क्वार्टर, नव पुनर्निर्मित सर्वसुविधायुक्त फ्लैट। बैंक अधिकारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7023445244 (38576)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# यूएस ओपन : वीनस के साथ जीते भांबरी, कोको-नाओमी ने चौथे दौर में रखा कदम




एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान कोको गॉफ का शानदार प्रदर्शन जारी है। कोको गॉफ ने जहां मैग्डेलेना फ्रेच पर जीत दर्ज की। वहीं साल 2021 के बाद कोई ग्रैंडस्लैम खेलने वाली जापान की नाओमी ओसाका ने डारिया कसाटकिना को हराकर चौथे दौर में कदम रखा। अब ओसाका ओर कोको का साल 2019 के बाद किसी ग्रैंडस्लैम में आमना-सामना होगा। वहीं मेंस डबल्स में युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने दूसरे दौर में कदम रखा। लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए।

- बोपन्ना और अर्जुन का सफर समाप्त
- 2019 के बाद ओसाका और कोको का होगा आमना-सामना

### भारतीय खिलाड़ियों में भांबरी ही जीते बाकी हारे

वहीं मेंस डबल्स में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर अगले दौर में कदम रखा। जबकि रोहन बोपन्ना और मोनाको के जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो को पहले दौरे में ही अमेरिका के रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की जोड़ी से 4-6 और 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन में डेब्यू करने वाले भारत के अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो को दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के आगे 7-5, 6-7(4), 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।




### गॉफ पहुंची चौथे दौर में

यूएस ओपन 2025 के वीमेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में कोको गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जबकि ओसाका ने चार साल बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करते हुए डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इसके चलते अब साल 2019 के बाद पहली बार ओसाका और कोको का मुकाबला होगा।

### प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'मैं कोई मशीन नहीं हूं और आप सब यह जानते हैं। मुझे भी कभी-कभी संघर्ष करना पड़ता है। मुझ पर भी दबाव होना स्वाभाविक है। आपको मैच के अनुसार सामंजस्य बिठाना पड़ता है।' इटली के इस खिलाड़ी ने इस तरह से हार्डकोर्ट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।



## खबर संक्षेप



### प्रदर्शन से अधिक ध्यान मैच खेलने पर था: पराग

**बेंगलुरु।** सत्र में अधिकतर समय कंधे की चोट से जूझने के बाद रियान पराग का दलीप ट्रॉफी में आने का निजी लक्ष्य कुछ मैच खेलना था और असम के इस ऑलराउंडर को इस लक्ष्य को हासिल करने की खुशी है। पिछले साल के अंत में लगी कंधे की चोट ने आईपीएल 2025 में भी उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी को प्रभावित किया है और पराग ने आईपीएल के बाद दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र की अगुवाई करने तक कोई क्रिकेट नहीं खेला। उत्तर क्षेत्र के पहली पारी की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पराग ने संवाददाताओं से कहा, 'मैच में खेलकर अच्छा लगा।

### ओलंपिक में पदक जीत जाती, तो ले लेती संन्यास



**नई दिल्ली।** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। रिंग से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपनी अकादमी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्घाटन जून में गुवाहाटी में हुआ। लवलीना ने कहा, 'जब मैंने अपनी अकादमी शुरू करने के बारे में सोचा तो मैंने पेरिस (ओलंपिक) तक खेलने की योजना बनाई थी और उसके बाद मैं संन्यास ले सकती थी लेकिन पेरिस में नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था।

### मैराथन : किरोस और हसन ने बनाए नए रिकॉर्ड



**सिडनी।** इथियोपिया के हैलीमारयम किरोस और नीदरलैंड के सिफान हसन ने सिडनी मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। किरोस ने पुरुषों की दौड़ दो घंटे छह मिनट और छह सेकंड में जीती। यह ऑस्ट्रेलिया में मैराथन में सबसे तेज समय है। उन्होंने पिछले रिकॉर्ड में एक मिनट से भी अधिक समय का सुधार किया। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी हमवतन अदिसु गोबेना से 10 सेकंड आगे रहा। हसन ने महिलाओं की दौड़ में अपना दबदबा बनाते हुए 2:18:22 का समय लेकर जीत हासिल की, जो पिछले साल इथियोपिया की वर्कनेश एडेसा के बनाए रिकॉर्ड से लगभग तीन मिनट कम है।

## हॉकी एशिया कप: कप्तान हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

# टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, लगातार मिली दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए। भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है।



### करकेरा ने किए दो शानदार बचाव

मध्यांतर के बाद खेल शुरू होने के कुछ मिनट बाद सुखजीत ने मनदीप को सर्कल के अंदर पास दिया लेकिन उनके शॉट को जापान के गोलकीपर ने रोक दिया। जापान ने 38वें मिनट में काइतो तनाका के पास पर कावाबे के गोल से भारत की बढ़त को कम किया लेकिन मेजबान टीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के एक और गोल से फिर दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। जापान को 49वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने दो शानदार बचाव किए।मैच खत्म होने से दो मिनट पहले कावाबे ने जरमनप्रीत की कमजोरी का फायदा उठाकर गोल किया लेकिन जापान को हार से नहीं बचा पाए।

### चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराया

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि इसके बाद चीन ने दबदबा बनाया। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

### भारत ने पिछले मैच की तुलना में किया बेहतर प्रदर्शन

जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली, जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए। भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया।

## दिल्ली प्रीमियर लीग

# राणा ने खेली तूफानी पारी फाइनल में वेस्ट दिल्ली लायंस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग के मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के दूसरे क्वालीफायर मैच में नितीश राणा ने 26 गेंदों में नाबाद 45 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम वेस्ट दिल्ली लायंस को फाइनल में पहुंचाया है। वेस्ट दिल्ली की टीम ने इस मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को 8 विकेट से मात दी। मुकाबले में ईस्ट दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्ट दिल्ली ने 17.3 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया।

### दोसेजा-नितीश ने खेली शानदार पारी

140 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्ट दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अंकित कुमार के रूप में टीम को पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा, जब वह 5 गेंदों में 2 रन बनाकर चलते बने। 55 के स्कोर पर विकेटकीपर बल्लेबाज कृष यादव भी चलते बने, उन्होंने 25 गेंदों पर 7 चौके की मदद से 37 रन बनाए। दो विकेट गिरने के बाद आयुष दोसेजा और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला और दोनों खिलाड़ी टीम को जीत दिलाकर वापस लौटे।

### अर्पित को छोड़कर बाकी के बल्लेबाज रहे फ्लॉप

वहीं ईस्ट दिल्ली टीम की बात करें तो इस मैच में गेंदबाजी से लेकर बल्लेबाजी तक हर डिपार्टमेंट में वह फ्लॉप रहे। बल्लेबाजी की बात करें तो वहां टीम की तरफ से अर्पित राणा को छोड़कर और कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अर्पित ने 38 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा रौनक वाघेला ने 24 रनों का योगदान दिया। टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज इस मैच में बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। कप्तान अनुज रावत ने इस मैच में टेस्ट के अंदाज में बैटिंग की और 18 गेंदों पर 15 रन बनाए।

## विश्व चैंपियनशिप

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ▶▶| पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

### टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

### चेन और लियू की शानदार वापसी

सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही, जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के जबरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की और निर्णायक गेम में प्रवेश किया।

## स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर (दाएं) रियल मैड्रिड और मैलोर्का के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम का दूसरा गोल करने का जश्न मनाते हुए।

## पाकिस्तान ने यूएई को हराया

**शारजाह।** सैम अयूब और हसन नवाज के तूफानी अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल हैं।



कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए।

## सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन का सामना वेस्ट जोन से, साउथ जोन से भिड़ेगा नॉर्थ जोन

# दोनों क्वार्टर फाइनल ड्रॉ, 2 मैचों में लगे 4 शतक, 2 डबल सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला गया, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ तो वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला गया और ये मैच भी ड्रॉ पर खत्म हुआ। बेशक दोनों मैच ड्रॉ रहे, लेकिन अपने-अपने मैचों में बड़ी बढ़त के आधार पर नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

पहले दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुछ बल्लेबाजों ने अपने हाथ जमकर दिखाए और इन दोनों मैचों में चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए जबकि दो बल्लेबाजों ने दोहरा शतक जड़ा यानी पहले दो मैचों में 4 शतकीय पारी खेली गई जबकि दो दोहरा शतक भी लगा।

### मालेवर और बदोनी ने लगाए दोहरे शतक

दानिश मालेवर ने सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में 222 गेंदों पर 203 रन की पारी खेली थी और फिर वो रिटायर हर्ट हो गए थे। उनकी इस पारी से उनकी टीम को बड़ी बढ़त लेने में काफी आसानी हुई। वहीं दूसरा दोहरा शतक नॉर्थ जोन के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने ईस्ट जोन के खिलाफ लगाई। उन्होंने ईस्ट जोन के खिलाफ दूसरी पारी में 223 गेंदों पर नाबाद 204 रन बनाए।





### अंकित, ढुल, पाटीदार और शुभम ने ठोकी सेंचुरी

दलीप ट्रॉफी के दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अंकित कुमार, यश ढुल, रजत पाटीदार और शुभम शर्मा ने शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। सेंट्रल जोन की तरफ से इस टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने पहली पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली जबकि सेंट्रल जोन के शुभम शर्मा ने दूसरी पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 215 गेंदों पर 122 रन की पारी खेली।

### सेमीफाइनल में अजहरुद्दीन करेंगे दक्षिण क्षेत्र की अगुवाई

**बेंगलुरु।** केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उत्तर क्षेत्र के खिलाफ चार सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए रविवार को तिलक वर्मा की जगह दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया। तिलक वर्मा को पहले दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए वह आगे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। तिलक वर्मा के साथ अजहरुद्दीन टीम के उप-कप्तान थे और अब यह भूमिका तमिलनाडु के एन. जगदीशन को सौंप दी गई है।

## रोचक खबरें

## बेवफा चायवाला : प्रेमी जोड़ों को 15 दिलजलों को 10 रुपए में चाय

**शाहजहांपुर।** कुछ वक्त पहले सोनम बेवफा का नाम खूब चर्चा में आया था। लेकिन, आजकल शाहजहांपुर का बेवफा चायवाला यहां युवाओ में चर्चा का विषय बना हुआ है। 19 साल का युवक बेवफा चाय वाले के नाम से स्टाल लगाकर खूब कमाई कर रहा है। यहां प्रेमी जोड़े के लिए चाय का रेट अलग है। और प्यार में धोखा खाए प्रेमी को चाय की प्याली के लिए भारी छूट दी जा रही है। बेवफा चाय वाले का कहना है कि पीएम मोदी से प्रेरित होकर पढ़ाई के साथ-साथ




उसने चाय बेचने का यह अनोखा प्रयोग किया है। जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली है। बेवफा चाय वाले की लोग यहां जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, थाना सिधौली कस्बे का रहने वाले 19 साल के अंकित ने पढ़ाई की फीस चुकाने के लिए अपना रोजगार करने की फैसला किया। अंकित का कहना है कि आज के युवाओं को आत्मनिर्भर होना चाहिए। इसके बाद उसने थाने के पास अपना चाय का स्टाल लगाया। उसे अनोखा बनाने के लिए चाय स्टाल का नाम बेवफा चाई वाला रख दिया। यहां अगर प्रेमी जोड़ा चाय पीने आता है तो उसे इज्जत-सम्मान के साथ 15 रुपए की शुद्ध दूध से बनी स्पेशल चाय दी जाती है। वहीं, अगर कोई उसे यह बता दे कि उसे प्यार में धोखा मिला है तो उसे 5 रुपए की खास छूट देकर 10 रुपए की मसालेदार चाय दी जाती है।

## महिला डीजे ने पैराग्लाइडिंग करते हुए 10 हज़ार फीट की ऊंचाई पर बजाया संगीत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बीर में 10,000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए एक भारतीय डीजे ने लाइव परफॉर्मेंस को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। इस अद्भुत और अनोखी उपलब्धि ने सोशल मीडिया यूज़र्स का ध्यान खींचा है। वीडियो में डीजे अपने इक्विपमेंट से मज़बूती से बंधी हुई, खूबसूरत नजारों और पहाड़ों के बीच ग्लाइडिंग करते हुए आत्मविश्वास से हवा में ट्रैक मिक्स करती हुई दिखाई दे रही हैं। उनके साथ मौजूद पैराग्लाइडिंग ट्रेनर भी म्यूजिक का मजा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। पूरी तरह सफेद कपड़े पहने, उन्होंने अपने पूरे डीजे सेटअप के साथ आसमान में उड़ान भरी



और 10,000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए लाइव परफॉर्मेंस दी। हवा में ट्रैक मिक्स करते हुए और अपनी धुनों पर पूरी तरह थिरकते हुए ऊंचाई पर पहुंची। इस रोमांचक अनुभव को एक अविस्मरणीय अनुभव में बदल दिया, जहां पैराग्लाइडिंग ट्रेनर उनके साथ हर पल का आनंद ले रहे थे। इंस्टाग्राम यूज़र्स ने डीजे की क्रिएटिविटी और बहादुरी की सराहना की। एक यूजर ने चिंता जाहिर करते हुए लिखा, 15 सेकंड के वीडियो के लिए अपनी जान जोखिम में डालना अच्छा विचार नहीं है, ईश्वर आपके साथ रहे।

कला

# सुपारी वाली गणेश मूर्ति खरीदने मचती है होड़, विदेश में भी डिमांड

### पीढ़ियों से कर रहे सुपारी के खिलौने और मूर्तियों का निर्माण

**रीवा।** आपने पत्थर, संगमरमर, लकड़ी और धातुओं से बनी कई प्रकार की कलाकृतियों को देखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी सुपारी से बनी कलाकृतियों को देखा है? क्या आपने सोचा है कि पान या जर्दे के साथ खाने वाली सुपारी की भी कलाकृतियां बनाई जा सकती हैं? सुपारी एक ऐसी वस्तु है जो देश के बड़े हिस्से में पाई जाती है। अधिकतर लोग यह जानते हैं कि सुपारी केवल खाने की वस्तु है, लेकिन रीवा के कुंदेर परिवार के लोग सुपारी से कई तरह के मूर्ति का निर्माण करते है। इनके यहां सुपारी से बनाई गई गजानन की मूर्ति खूब पसंद की जाती है।



### शिल्पकारी का जवाब नहीं

सुपारी की कलाकृति से राधा कृष्ण की मूर्ति के अलावा रीवा का ये विशेष कुंदेर परिवार भगवान गणेश की मूर्ति को आकार देता है। सुपारी की अलग अलग कलाकृति बना कर भगवान गणेश के अंग, आभूषण, और वस्त्र तैयार किए जाते है। इन कलाकृतियों में चमक लाने के लिए तैयार की गई गणेश जी की मूर्ति में पॉलिश की जाती है। रीवा शहर सुपारी की कलाकृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

### राज दरबार से हुई थी शुरुआत

बात 1942 की है। रीवा के फोर्ट रोड में भगवान सिंह कुंदेर का परिवार रहता था। भगवान के बेटे राम सिया लकड़ी के खिलौने बनाते थे। हुआ यूं कि रीवा के महाराज गुलाब सिंह पान खाने के शौकीन थे। लेकिन, सुपारी उनके दांतों में लग जाया करती थी। जिसके बाद महाराज ने कुंदेर परिवार को हुक्म दिया कि वे सुपारी को इस तरीके से काटें कि वो मुंह में न लगे। इसी दौरान जब राम सिया ने सुपारी को भिगो कर काटा और महाराज के सामने पेश किया तो बेहद खुश हुए। इसी दौरान राम सिया ने सुपारी से कुछ अलग करने का सोचा। सबसे पहले उन्होंने सुपारी से सिंदुर की डिब्बी बनाई और महाराज के सामने इसे भी पेश किया। जिससे खुश होकर महाराज ने 51 रुपए का इनाम दिया था।



### तोहफे में दिए जाते हैं सुपारी के गणेश जी

साल 1960 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद रीवा आए उन्हें सुपारी से बनी वर्किंग स्टिक कुंदेर परिवार ने दी। इसके बाद 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रीवा आई उन्हें तोहफे के रुप में सुपारी का टी सेट दिया गया। इसके बाद तो सिलसिला चल निकला। तब से अब तक रीवा आने वाले हर आम और खास को तोहफे में सुपारी के गणेश जी और खिलौने ही दिए जाते हैं।

### इंदिरा गांधी भी कर चुकी तारीफ

रीवा में कुंदेर परिवार के द्वारा संचालित ऐसी कई दुकानें है जो पीढ़ियों से सुपारी के खिलौने और मूर्तियों का न सिर्फ निर्माण करते आ रहे है, बल्कि इस कला को महंगाई के दौर में जीवित भी रखा गया है। सुपारी की मूर्तियों का इतिहास भी काफी पुराना है। इस कला की शुरुआत वर्ष 1942 में सुपारी से सिंदूर की डिब्बी बनाने से हुई थी।

### पूरे देश से आते हैं ऑर्डर

यह डिब्बी राज परिवार के लिए बनाया गया था। आज सबसे ज्यादा सुपारी से गणेश जी की मूर्ति बनाई जा रही है। इस वर्ष भी गणेश उत्सव के दौरान इनके यहां से काफी संख्या में सुपारी से बने हुए गणेश जी खरीदे गए है। इतना ही नहीं, रीवा से दूर दूर तक इन मूर्तियों की सप्लाई होती है। पूरे देश से इन मूर्तियों को बनाने के लिए ऑर्डर मिलते है।

## पानी से नफरत करती है यह महिला, कमी पूरी करने के लिए रोज खर्च करती है हजारों!

**लंदन।** जल ही जीवन है। पर क्या कोई पानी पीने से ही नफरत कर सकता है? आपने पानी से डर, जिसे हाइड्रोफोबिया कहते हैं, तो शायद जरूर सुना होगा, पर पानी पीने से ही नफरत? हैरानी की बात लगती है। पर 52 साल की ट्रायथलीट लोरी चीक का कहना है कि कि वह पानी से इतनी नफरत करती हैं कि उन्हें इसकी वजह से दो बार अस्पताल जाना पड़ा, और अब वे कॉफी और बीयर से शरीर में पानी की कमी को पूरा करती हैं और उसके लिए बाकायदा अच्छी खासी रकम भी खर्च करती हैं। इस आदत की वजह से सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है। लोरी को बचपन से ही पानी पसंद नहीं था, और उनके माता-पिता भी पानी से दूर रहते थे।



### पानी को लेकर अलग ही राय

लोरी का कहना है कि उन्हें लोगों की राय से कोई फर्क नहीं पड़ता, और वे मानती हैं कि लोग पानी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करते हैं। वे कहती हैं, 'पानी को हाइड्रेशन का एकमात्र साधन माना जाता है, लेकिन यह सही नहीं है। लोग इसे रिफ्रेशिंग कहते हैं, लेकिन मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। यह मेरे गले से नीचे उतरते वक्त स्लाइमी और बेकार लगता है। मुझे फ्लेवर चाहिए।

## स्पेस की खौफनाक अंधेरी कोठरी, तारे का पीठ चीरकर निकल रही ये चीज

**वॉशिंगटन।** एस्ट्रोनॉट्स ने सौर मंडल के बाहर बन रहे ग्रहों का पता लगाया है। कई सालों से वैज्ञानिक मानते थे कि रिंग्स में जो गैप दिखते हैं, वे बनते हुए ग्रहों की वजह से होते हैं, लेकिन कोई पक्का सबूत नहीं था। लेकिन, इस खोज से अब वह सबूत मिल गया है। हमारे सोलर सिस्टम यानी सौर मंडल में 8 ग्रह मौजूद हैं। हालांकि काफी समय तक इसमें नौ ग्रह हुआ करते थे, लेकिन फिर प्लूटो को ग्रह की कैटेगरी से हटा दिया गया। लेकिन, आज तक एस्ट्रोनॉट्स इस बात का पता नहीं लगा सके थे कि एक ग्रह कैसे बनता है। लेकिन, अब अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक टीम को पहली बार एक



ऐसा ग्रह मिला है जो अभी बन रहा है और युवा तारों के चारों ओर मौजूद धूल और गैस से बनी रिंग के बीच के अंधेरे गैप में छिपा था। यह खोज खगोलशास्त्र की दुनिया में बहुत अहम माना जा रहा है।

### कैसे देखा गया ग्रह?

जब गैस किसी नवजात ग्रह पर गिरती है, तो उससे एक खास प्रकार की हाइड्रोजन लाइट निकलती है, जिसे **H-alpha** कहा जाता है। वैज्ञानिकों ने इसी प्रकाश का पीछा करते हुए विस्पिट 2बी को देखा. इस ग्रह की स्थिति उसके तारे से लगभग 56 खगोलीय इकाइयों दूर है। यह दूरी हमारे सौरमंडल में नेपच्यून से भी बाहर होती है। इसका अनुमानित वजन बृहस्पति से 5 गुना ज्यादा है। एस्ट्रोनॉट्स का मानना है कि इस सिस्टम में एक दूसरा ग्रह भी हो सकता है, जिसका नाम **CC1** रखा गया है। यह विस्पिट 2बी से कुछ अंदर है और इसका अनुमानित द्रव्यमान लगभग 9 बृहस्पति के बराबर बताया गया है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com